RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-189 | जयपुर, बुधवार, 21 जनवरी 2026 | मूल्य-4 रुपये

नितिन नबीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला, पीएम मोदी ने दी बधाई, कहा -

## मैं कार्यकर्ता हूं और नबीन मेरे बॉस

नई दिल्ली

नितिन नवीन भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए हैं। मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में इसका एलान किया गया। इस मौके पर पीएम मोदी ने उन्हें माला पहनाकर अभिवादन और स्वागत किया। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में इसका ऐलान किया गया। इस मौके पर पीएम मोदी ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। मोदी ने 55 मिनट के भाषण में कहा 'भाजपा ऐसी पार्टी है, जहां लोगों को लगता होगा कि मोदीजी इतनी छोटी उम्र में मुख्यमंत्री बन गए। हेड ऑफ द गवर्नमेंट बन गए हैं। इन सबसे बड़ी चीज है कि मैं बीजेपी का कार्यकर्ता हूं। लेकिन मैं मानता हूं कि नितिनजी मेरे बॉस हैं, मैं कार्यकर्ता हूं। अब वे मेरे काम का आकलन करेंगे।'



अध्यक्ष के तौर पर नितिन नबीन ने अपने पहले भाषण में कहा, 'हम ऐसे राजनीतिक दल से जुड़े हैं, जहां राजनीति सत्ता नहीं, साधना है। राजनीति भोग नहीं, त्याग है। राजनीति ऐशो-आराम नहीं, तपस्या है। राजनीति कोई पदभार नहीं, उत्तरदायित्व है।' नितिन को 14 दिसंबर 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था।

'आज देश को याद भी नहीं होगा कि 1984 में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं और देश ने कांग्रेस को करीब-करीब 50% वोट दिया था, लेकिन आज कांग्रेस 100 सीटों के लिए तरस गई है। कांग्रेस अपने इस घनघोर पतन की कभी समीक्षा नहीं करती, क्योंकि अगर समीक्षा करेंगे और पतन के कारणों पर जाएंगे तो उसी परिवार पर सवाल उठेंगे, जिस परिवार ने कांग्रेस पर कब्जा कर रखा है। और इसलिए बहाने ढूंढते रहते हैं। पतन का सही कारण ढूंढने की हिम्मत तक खो चुके हैं।'

### पिछले डेढ़ साल में जीते 4 राज्यों में चुनाव

'बीते डेढ़-दो वर्षों में भाजपा पर जनता का भरोसा और मजबूत हुआ है। विधानसभा हो या स्थानीय निकाय, भाजपा की स्ट्राइक रेट अभूतपूर्व रही है। इस दौरान देश में 6 राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए हैं, इनमें से 4 चुनाव भाजपा-एनडीए ने जीते हैं।'

भाजपा की परंपरा मेंबरशिप से ज्यादा रिलेशनशिप अहमः 'भाजपा एक संस्कार है। भाजपा एक परिवार है। हमारे यहां 'मेंबरशिप' से भी ज्यादा 'रिलेशनशिप' होती है। भाजपा एक ऐसी परंपरा है, जो पद से नहीं प्रक्रिया से चलती है। हमारे यहां पदभार एक व्यवस्था है और कार्यभार जीवन भर की जिम्मेदारी है। हमारे यहां अध्यक्ष बदलते हैं, लेकिन आदर्श नहीं बदलते। नेतृत्व बदलता है लेकिन दिशा नहीं बदलती।'

### हमें अपने हिस्से का त्याग करना होगाः नबीन

हमने कार्यकर्ता के तौर पर पीएम मोदी के देशसेवा के काम करते हुए देखा। आपको देख कर ही सीखा है कि जो व्यक्ति खुद को लोगों की भावनाओं से जुड़ने वाला बना सकता है,वहीं बड़ा शख्स बनता है। आपने कहा था कि हम जो विकास का काम करते हैं। लोग हमसे उम्मीद करते हैं। हमसे जुड़ते हैं।

भाजपा के कार्यकर्ता कुछ नारों को जनसंघ के समय से गढ़ते थे- राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है, एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेगा। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने वह समय देखा, जब अयोध्या में राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। जम्मू-कश्मीर की जनता ने धारा 370 से मुक्ति का दौर देखा। जब हम श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा लहराते हुए देखते हैं, तो गर्व की अनुभूति होती है।

## राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाकर राज्यपाल ने नहीं दिया उद्घाटन भाषण

### तमिलनाडु गवर्नर का बिना स्पीच दिए विधानसभा से वॉकआउट

चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में फिर हाईलेवल ड्रामा हुआ। राज्यपाल आरएन रवि एक बार फिर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाते हुए स्पीच दिए बिना ही असेंबली से बाहर चले गए।

पिछले सालों की तरह गवर्नर ने कहा कि तमिल गान के बाद राष्ट्रगान बजाया जाए। लेकिन स्पीकर अप्पावु ने इसके लिए मना कर दिया। इसके बाद गवर्नर रवि शुरुआती भाषण पढ़े बिना ही विधानसभा से बाहर चले गए। इससे पहले 2024-25 में भी वे ऐसा कर चुके हैं।

राज्यपाल ने आरोप लगाया कि उनके भाषण में रुकावट डाली गई। उन्होंने कहा कि मैं निराश हूं। राष्ट्रगान को उचित सम्मान नहीं दिया गया। गवर्नर के वॉकआउट के बाद विपक्षी AIADMK के नेता भी असेंबली से बाहर चले गए और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं तमिलनाडु CM ने इसे असेंबली का अपमान बताया है।

राज्यपाल के असेंबली से बाहर जाने के बाद लोक भवन ने प्रेस रिलीज जारी की। रिलीज में कहा गया कि एक बार फिर राष्ट्रगान का अपमान किया गया।



### सीएम स्टालिन ने राज्यपाल पर लगाया शिष्टाचार के उल्लंघन का आरोप

स्टालिन ने राज्यपाल पर आरोप लगाया कि उन्होंने परंपरा और शिष्टाचार का उल्लंघन करते हुए कक्ष छोड़ा। सरकार द्वारा तैयार किए गए भाषण में राज्यपाल को अपनी राय जोड़ने या अलग कुछ कहने की कोई जगह नहीं थी। राज्यपाल ने यह कदम जानबूझकर उठाया और इसका मतलब विधानसभा की अवमानना है। डीएमके का मानना है कि राज्यपाल की आवश्यकता नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री सीएन अन्नादुरई और एम करुणानिधि ने इस पद का सम्मान किया था।

### भाषण न पढ़ना स्वीकार नहीं होगा

मुख्यमंत्री ने सदन में एक प्रस्ताव पेश किया। इसमें कहा गया कि राज्यपाल का भाषण न पढ़ना स्वीकार नहीं किया जाएगा। केवल सरकार द्वारा तैयार किया गया टेक्स्ट जिसे स्पीकर एम अप्पावु ने तमिल में पढ़ा था, वही रिकॉर्ड में जाएगा। स्टालिन ने इसके लिए विधायकों को धन्यवाद भी दिया।

## बीएमसी मेयर पद- शिवसेना ने फिर दावेदारी के संकेत दिए

### शिंदे बोले- कार्यकर्ताओं की इच्छा, बाल ठाकरे जन्मशती पर शिवसैनिक मेयर बने

मुंबई

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने सोमवार को बृहन्मुंबई महानगरपालिका मेयर पद पर शिवसेना की दावेदारी के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी से शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की जन्मशती वर्ष की शुरुआत हो रही है। शिवसैनिकों की इच्छा है कि इस मौके पर BMC में शिवसेना का मेयर होना चाहिए। हालांकि शिंदे ने यह भी स्पष्ट किया कि शिवसेना कोई ऐसा फैसला नहीं करेगी जो जनादेश के खिलाफ हो। उन्होंने याद दिलाया कि BMC चुनाव शिवसेना और बीजेपी ने गठबंधन में लड़ा था। जिन नगर निगमों में शिवसेना और बीजेपी ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा है, वहां महायुति का ही मेयर बनेगा।

महाराष्ट्र में BMS समेत 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को चुनाव हुए थे और 16 जनवरी को रिजल्ट आया था। BMC के 227 सीटों में भाजपा को 89 और शिंदे गुट को 29 सीटें मिली थीं। मेयर के लिए बहुमत का आंकड़ा 114 है। इसके लिए भाजपा को शिंदे गुट के 25 पार्षदों के समर्थन की जरूरत होगी।

आवारा कुत्तों का मामलाः सुप्रीम कोर्ट बोला- हमारी टिप्पणियां मजाक नहीं

## मौत मामले में डॉग फीडर्स भी जिम्मेदार

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, 'आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।'

कोर्ट ने कहा- पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है।



जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने कहा- कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के वकील राजू रामचंद्रन से सवाल किया कि आप कोर्ट को संयम बरतने का कह रहे है, लेकिन क्या आपने देखा है कि आपकी मुवक्किल (मेनका गांधी) किस तरह के बयान दे रही हैं? उनके पॉडकास्ट और बॉडी लैंग्वेज तक पर सवाल उठते हैं।

कोर्ट ने कहा कि मेनका गांधी ने अदालत के आदेशों को लेकर बिना सोचे-समझे टिप्पणियां की हैं, जो अवमानना के दायरे में आती हैं।

जस्टिस संदीप मेहता ने सवाल किया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थीं, तब उन्होंने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया।

इस पर रामचंद्रन ने कहा- बजट नीति का विषय है। उन्होंने अजमल कसाब जैसे मामलों में भी पैरवी की है। रामचंद्रन की टिप्पणी पर जस्टिस विक्रम नाथ ने सख्त लहजे में कहा- अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की है।

आज की सुनवाई में- पीड़ितों की ओर से एडवोकेट हर्ष जैदका, डॉग लवर्स/एनजीओ की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण, मेनका गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट राजू रामचंद्रन दलीलें दे रहे हैं।

## ईरान में फंसे भारतीय स्टूडेंट्स का दूसरा बैच भारत लौटा

### अब तक 200 से ज्यादा सुरक्षित पहुंचे

श्रीनगर

ईरान में फंसे भारतीय छात्रों का दूसरा बैच मंगलवार रात को सुरक्षित भारत लौट आया है। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन के मुताबिक, मौजूदा हालात के बीच यह वापसी छात्रों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है।

JKSA ने बताया कि छात्र दुबई और शारजाह के रास्ते एअर इंडिया की फ्लाइट AI-996 और AI-930 से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। सभी छात्र अपने खर्च पर भारत लौटे हैं। अब तक 200 से अधिक भारतीय छात्र ईरान से भारत लौट चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या जम्मू-कश्मीर के छात्रों की है। JKSA ने कहा कि अजरबैजान और मस्कट होकर चलने वाली कनेक्टिंग फ्लाइट्स सहित सिविल एविएशन सेवाएं पहले रद्द होने के कारण कई छात्र समय पर वापस नहीं आ पाए थे। इससे पहले 17 जनवरी को भी भारतीय छात्र ईरान से लौटे थे।

ईरान में वहां की करेंसी 'रियाल' के ऐतिहासिक रूप से नीचे गिरने और महंगाई के विरोध में 28 दिसंबर 2025 में प्रदर्शन शुरू हुए थे।

## बीएलओ ड्यूटी में दूसरे बूथ के वोटर को लगाना गलत : राजस्थान हाईकोर्ट

**जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) नियुक्ति को लेकर सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि बीएलओ की नियुक्ति में चुनाव आयोग के नियमों का सख्ती से पालन होना चाहिए, जिसके तहत प्राथमिकता उसी कर्मचारी को दी जानी चाहिए, जो उस बूथ का वोटर हो। जस्टिस मुन्नूरी लक्ष्मण की कोर्ट ने श्रीगंगानगर निवासी पालासिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया है।

## राजस्थान यूथ कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी भंग

### एक आदेश में सभी पदाधिकारी पदमुक्त

जयपुर

राजस्थान कांग्रेस संगठन से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। राजस्थान यूथ कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। यह आदेश मंगलवार को यूथ कांग्रेस प्रभारी विकास छींकारा, सह-प्रभारी ज्ञानेश शुक्ला और कपिल देसाई के हस्ताक्षरों से जारी किया गया।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय संगठन के शीर्ष



नेतृत्व के निर्देश पर लिया गया है। प्रभारी की रिपोर्ट के बाद कार्यकारिणी को भंग करने का फैसला किया गया।

प्रदेश यूथ कांग्रेस की 344 पदाधिकारियों वाली जंबो कार्यकारिणी में अधिकांश पदाधिकारी लंबे समय से निष्क्रिय चल रहे थे। संगठन को जितनी सक्रियता की अपेक्षा थी, वह नजर नहीं आ रही थी। इसी कारण अब नई ऊर्जा और सक्रिय युवा नेतृत्व को जिम्मेदारी देने की तैयारी की जा रही है।

युवा कांग्रेस में करीब दो माह पहले 200 से अधिक निष्क्रिय पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। इनमें से कई पदाधिकारियों ने नोटिस का जवाब तक नहीं दिया। बताया जा रहा है कि संगठन के भीतर गुटबाजी और धड़ेबंदी के चलते संगठनात्मक गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं। धरना-प्रदर्शन और बैठकों में भी पदाधिकारियों की उपस्थिति बेहद कम देखी जा रही थी।

पार्टी नेताओं के अनुसार, राजस्थान यूथ कांग्रेस में आमतौर पर चुनाव प्रक्रिया के जरिए पदाधिकारी चुने जाते हैं, लेकिन करीब छह माह पहले तत्कालीन प्रभारी द्वारा चुनाव नियमों को दरकिनार कर बड़ी संख्या में मनोनयन किए गए थे। इसके बावजूद संगठन अपेक्षित रूप से सक्रिय नहीं हो पाया।

प्रदेश कार्यकारिणी भंग होने के बाद फिलहाल संगठन का संचालन अभिमन्यु पूनिया - प्रदेश अध्यक्ष, यशवीर शूरा- कार्यकारी अध्यक्ष और सुधींद्र मूंड - कार्यकारी अध्यक्ष के नेतृत्व में किया जाएगा।

## जोधपुर में इवेंट इंडस्ट्री के ठिकानों पर छापामारी

### सिंघवी टैंट समेत 8 बड़े नाम रडार पर

जोधपुर

जोधपुर में आज सुबह डीजीजीआई (जीएसटी इंटेलिजेंस डायरेक्टरेट) की जयपुर से आई टीमों ने इवेंट, टैंट, डेकोरेशन, साउंड और कैटरिंग कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई की है। विभागीय सूत्रों का मानना है कि पिछले शादी के सीजन में जोधपुर में हुई हजारों शादियों की बुकिंग और इन फर्मों की ओर से भरे गए जीएसटी रिटर्न में भारी अंतर के संकेत मिले थे।

जीएसटी चोरी के इनपुट के बाद शहर के 8 प्रमुख ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है। टीम मौके से कंप्यूटर सिस्टम, हार्ड डिस्क, पैन ड्राइव, डायरियां और कच्चे बिल खंगाल रही है। माना जा रहा है कि शाम तक इस कार्रवाई में करोड़ों रुपए की जीएसटी चोरी उजागर हो सकती है। कार्रवाई डीजीजीआई जयपुर के एडिशनल डायरेक्टर रामसिंह गुर्जर के नेतृत्व में की जा रही है।

डीजीजीआई की राडार पर शादी-समारोहों में सेवा देने वाले शहर के वे सभी बड़े नाम हैं, जो टैंट, डेकोरेशन, साउंड और कैटरिंग का काम करते हैं। जिन फर्मों और जगहों पर टीमें पहुंची हैं, उनमें प्रमुख रूप से सिंघवी टैंट, बॉबी टैंट, श्री लवली टैंट, श्री अक्षिता टैंट, सुनीता टेंट, अक्षत दीप टैंट, अमृतम मैरिज गार्डन, राजन एम्लिफायर (साउंड), अमर कैटर्स (कैटरिंग) और मींटू कोलकाता फ्लॉवर्स है।

डीजीजीआई की टीमों ने जोधपुर शहर के सरदारपुरा के अलग-अलग इलाकों में स्थित सिंघवी टैंट और उनसे जुड़े ऑफिस, गोदाम, मकान और फार्म हाउस पर छानबीन शुरू की है। अधिकारियों ने दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच की।

## बस-ट्रेलर के बीच भीषण टक्कर, चार की मौत, 18 घायल



जोधपुर

शहर के निकट केरू के पास में मंगलवार को भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 18 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए एमडीएम अस्पताल भेजा गया है। शवों को मोर्चरी में रखवाया गया है। बस में सवार लोग रामदेवरा दर्शनार्थी थे जोकि गुजरात के रहने वाले है। हादसा जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाईवे-125 पर केरु गांव में मूलानाडा रॉयल्टी नाके के पास हुआ। पुलिस उपायुक्त पश्चिम विनीत कुमार बंसल ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौत हुई है और 18 लोग घायल है। इसमें चार पांच लोग ज्यादा चोटिल है अन्य को सामान्य चोट लगी है। सभी का एमडीएम अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे की जानकारी पुलिस पर पुलिस और प्रशासन हरकत में आया और तत्काल एमडीएम अस्पताल पहुंचा।

## पश्चिमी विक्षोभ से राजस्थान में आंधी-बारिश की चेतावनी

### उत्तराखंड के औली में पारा माइनस 8डिग्री

जयपुर

देश के उत्तरी इलाकों में मंगलवार को भी मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के आने का अलर्ट है। यहां 5 दिन बाद आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की गई है। फिलहाल कई जिले कोहरे की चपेट में हैं, जिसके कारण विजिबिलिटी 50 मीटर तक रह गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश के 10 शहरों में आज भी कोहरा छाया है। आगरा में ताज महल धुंध में छिप गया है। अगले 5 दिन तक यहां भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ, बाराबंकी, हाथरस समेत 5 शहरों में बारिश हुई, जबकि अलीगढ़ और



लखीमपुर खीरी में एक दिन पहले ओले भी गिरे। उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में नदी-नाले और झरने जम चुके हैं। औली में पारा माइनस 8 डिग्री तक पहुंच गया है, जिसके कारण पानी जमने लगा है।

मौसम यह पूरा बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के आने से पहले ही होने लगा है। यह पश्चिम से आने वाली हवा और बादलों का एक सिस्टम है। जैसे ही यह एक्टिव होगा, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, मैदानी क्षेत्रों में बारिश होगी। तापमान में गिरावट आएगी, साथ ही पाला पड़ने और कोल्डवेव के हालात बन सकते हैं।

राजस्थान के 10 से ज्यादा जिलों में आज घने कोहरे का असर रहा। धुंध से प्रभावित जिलों में विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। बहरोड़-कोटपूतली जिले में धुंध के कारण हुए एक्सीडेंट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, मौसम केन्द्र जयपुर ने राज्य में 22 जनवरी से एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने और उससे बादल छाने, आंधी चलने, बिजली चमकने के साथ कई स्थानों पर बारिश होने की संभावना जताई है। इसके चलते मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। मावठ के कारण तापमान में भी बदलाव होगा। राजस्थान में मकर संक्रांति के बाद कम हुई सर्दी, कोहरा फिर से लौटा है। बीते दो दिनों से प्रदेश के 10 से ज्यादा जिलों में कोहरे का असर है।

मंगलवार सुबह भी जयपुर, बीकानेर, भिवाड़ी, बहरोड़, टोंक, कोटा में कोहरे के कारण विजिबिलिटी काफी कम रही।

## राजस्थान हाईकोर्ट ने 93 लीजों को खत्म करने का आदेश दिया

जयपुर

राजस्थान में खनन को लेकर पूरे प्रदेश में गहमा-गहमी मची है। इस बीच राजस्थान हाई कोर्ट ने प्रदेश में खनन पट्टे जारी करने से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला दिया है। कोर्ट ने प्रकरण से जुड़ी 93 लीजों को समाप्त करने के आदेश दिए हैं। हाई कोर्ट की ओर से कहा गया है कि खनन पट्टों के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की पालना होनी चाहिए। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि सभी लीज धारियों को उनकी अमानत राशि लौटाए। चीफ जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस बीएस संधू की खंडपीठ ने डॉ. बृजमोहन सपूत कला संस्कृति सेवा संस्थान की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए हैं। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनकर 31 अक्टूबर 2025 को फैसला सुरक्षित रखा था। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट अनिकेत व्यास, हिमांशु मीणा ने पैरवी की।

निरस्त की गई 93 बजरी लीज में भीलवाड़ा की 48, टोंक की 34, अजमेर की 9 और सवाई माधोपुर की 2 लीज शामिल है। हालांकि फिलहाल इन 93 लीज में से 16 में ही बजरी खनन का काम चल रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से 6 मार्च 2025 को खानों की नीलामी को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। क्योंकि नीलामी में शामिल सभी पट्टे उन क्षेत्रों पर चिह्नित किए गए थे जिन पर पिछले पांच वर्षों में पहले ही खनन कर चुके थे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर केमिकल टैंकर और ट्रेलर की भिड़ंत, कोई हताहत नहीं

जयपुर (एजेंसी)। पावटा कस्बे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर रविवार रात करीब 8-40 बजे एक बड़ा हादसा टल गया। जयपुर से दिल्ली जा रहे केमिकल टैंकर और दूसरी लेन से आ रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर टकरा गया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि टैंकर में तुरंत आग लग गई। गनीमत रही कि टैंकर चालक समय रहते वाहन से सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा। आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि दूर से ही धुएं का गुबार देखा जा सकता था। सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से जयपुर-दिल्ली मार्ग को बंद कर ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट कर दिया। केमिकल से भरे टैंकर के कारण आग बुझाना चुनौतीपूर्ण था। दमकलकर्मी फोम और पानी का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस ने पूरे इलाके को घेराबंदी कर राहगीरों को सुरक्षित रखा। प्राथमिकता अग्निकांड पूरी तरह नियंत्रित करना और हाईवे से वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू करना है। हादसे के कारणों की विस्तृत जांच जारी है।

## पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में नाबालिग से गैंगरेप के आरोप में 7 गिरफ्तार

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और गैंगरेप के मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंसेस एक्ट, 2012 (पोक्सो) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस और परिवार के सूत्रों के अनुसार, किशोरी पुरुलिया शहर की रहने वाली है। शुक्रवार शाम 17 साल की लड़की एक दोस्त के घर जाने के लिए अपने घर से निकली। जब रात होने के बाद भी वह घर नहीं लौटी, तो परिवार को उसकी चिंता होने लगी। आखिरकार, लड़की के पिता ने पुरुलिया सदर पुलिस स्टेशन में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। लड़की को उसी रात बाद में बचा लिया गया। पूछताछ के दौरान, नाबालिग लड़की ने अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया और कहा कि उसे अगवा किया गया था और उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया। लड़की ने पुलिस को बताया कि रात में सात-आठ लड़के उसे सड़क से उठाकर रेलवे ट्रैक के पास एक खेत में ले गए और, वहां उसके साथ गैंगरेप हुआ। इस घटना के बाद, लड़की किसी तरह घर वापस आ गई। तभी पुलिस को उसके बारे में पता चला। घटना सामने आने के तुरंत बाद लड़की को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। लड़की के बयान के आधार पर पुलिस ने कई जगहों पर तलाशी ली। रविवार को पुलिस ने कथित तौर पर शामिल सात लड़कों को गिरफ्तार किया। उनमें से एक बीमार पड़ गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाकी छह को कोर्ट में पेश किया गया।

## कुलदीप सेंगर को हाईकोर्ट से झटका

नई दिल्ली (एजेंसी)। उन्नाव बलात्कार मामले के दोषी पूर्व बीजेपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने सोमवार को पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस रविंदर दुदेजा ने कहा कि सेंगर ने 10 साल की कुल सजा में से लगभग 7.5 साल हिरासत में बिताए हैं और इस मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ उनकी अपील पर फैसला करने में देरी हुई है, लेकिन यह देरी आंशिक रूप से सेंगर द्वारा दायर की गई कई याचिकाओं के कारण हुई है। इसलिए, कोर्ट जमानत और सजा के निलंबन की याचिका खारिज कर दी। बता दें, उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता को सेंगर के इशारे पर गिरफ्तार किया गया था और 9 अप्रैल, 2018 को पुलिस की बर्बरता के कारण हिरासत में उनकी मृत्यु हो गई थी। मार्च 2020 में दिल्ली की एक अदालत ने सेंगर और अन्य को उनकी मृत्यु के लिए दोषी ठहराया और 10 साल की कैद की सजा सुनाई।

## पाकिस्तानी प्लेन जैसा गुब्बारा मिला

किश्तवाड़ (एजेंसी)। जम्मू के खौर सेक्टर के पुलिस पोस्ट पल्लनवाला के अंतर्गत गांव कचरियाल में एक खुले मैदान से सोमवार को पाकिस्तानी प्लेन के आकार का गुब्बारा मिला। सफेद और हरे रंग के गुब्बारे पर पीआईए यानी पाकिस्तानी इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा हुआ है। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले गुब्बारे को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जांच पूरी करने के बाद गुब्बारे को आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस पोस्ट पल्लनवाला को सौंप दिया गया है। वहीं, किश्तवाड़ में लगातार दूसरे दिन आतंकियों की तलाश जारी है। इसे ऑपरेशन त्राशी-1 नाम दिया गया है। सेना ने घने जंग और खड़ी ढलानों वाले मुश्किल इलाके के कारण रविवार देर रात ऑपरेशन रोक दिया गया था। सर्दी के मौसम के चलते यहां विजिबिलिटी भी कम हो गई थी। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच रविवार को चतरू बेल्ट में मंडराल-सिंहपोरा के पास सोनार गांव में मुठभेड़ शुरू हुई थी। इसमें 8 जवान घायल हो गए थे। आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया था, जिसके छर्रे जवानों को लगे हैं।

## महिला पुलिसकर्मियों के टॉयलेट में कैमरा छिपाया

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु में एक स्पेशल सब-इंस्पेक्टर ने महिला पुलिस अफसरों के टॉयलेट में हिडन कैमरा छिपा दिया। घटना का पता तब चला जब महिला पुलिसकर्मियों ने टॉयलेट में एक मोबाइल फोन देखा। जांच में पता चला कि मोबाइल आरोपी एसएसआई का था। वह टॉयलेट के अंदर महिला पुलिसकर्मियों का वीडियो बना रहा था। हैरानी की बात यह है आरोपी ने रामनाथपुरम जिले के परमकुडी में घटना को उस समय अंजाम दिया जब वहां मुख्यमंत्री एमके स्टालिन स्वतंत्रता सेनानी त्यागी इमैनुएल सेकरन के मणि मंडपम का उद्घाटन करने पहुंचे थे। सीएम के कार्यक्रम को लेकर पूरे जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में राज्य के अलग-अलग इलाकों से महिला पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया था। आरोपी एसएसआई परमकुडी नगर पुलिस थाने में तैनात था और मणि नगर चेक पोस्ट पर ड्यूटी कर रहा था।

## लद्दाख में भूकंप के तेज झटके

चेन्नई (एजेंसी)। लद्दाख। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और आसपास के इलाकों में सोमवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 5.7 मापी गई है। लद्दाख के अलावा भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र लेह-लद्दाख क्षेत्र में जमीन से 171 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। भूकंप का केंद्र गहराई में होने के चलते कंपन विनाशकारी नहीं रहा। फिलहाल किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

# बीवी- जी राम जी के बारे में झूठ फैलाकर कांग्रेस मजबूत नहीं कमजोर हो रही

### -केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को घेरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी पर वीबी-जी राम जी के बारे में गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि नया अधिनियम काम के अधिकार को मजबूत करेगा। उन्होंने मनरेगा की जगह लेने वाले नए अधिनियम के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी अभियान का जिक्र किया और कहा कि विपक्ष यह ''झूठ फैला रहा है कि इस योजना से रोजगार केवल कुछ पंचायतों में ही प्रदान किया जाएगा।

बता दें कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने के विरोध में 45 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान 'मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरुआत की है। विपक्षी दल विकसित भारत-रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग कर रहा है। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि मैं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से कहना चाहता हूं कि वीबी-जी राम जी के बारे में गलत जानकारी फैलाकर वे कांग्रेस को मजबूत नहीं बल्कि कमजोर कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने विचार, विचारधारा और आदर्शों को त्याग दिया है...विचार है राष्ट्र सर्वोपरि, देश का विकास...वीबी-जी राम जी गांवों के विकास के लिए है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने मनरेगा को बेहतर बनाने की कोशिश की। इसका सबूत यह है कि हमने करीब नौ लाख करोड़ रुपए खर्च किए, जबकि यूपीए सरकार ने करीब दो लाख करोड़ रुपए खर्च किए थे। उन्होंने कहा कि यह कहना 'झूठ है कि काम के अधिकार को छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम 100 दिन काम के बजाए, अब 125 दिन काम दे रहे हैं...सिर्फ काम करने का अधिकार ही नहीं, हमने 15 दिनों के अंदर बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान किया है...आपने कागज पर अधिकार दिया, हमने जमीनी स्तर पर इसे और मज़बूत किया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा कि वे यह गलत सूचना फैला रहे हैं कि रोजगार सिर्फ कुछ पंचायतों में ही दिया जाएगा। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह योजना सभी पंचायतों में लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्यों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। केंद्र पहले से ही ज्यादा धनराशि दे रहा है। राज्य जो निवेश करेंगे, वह गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए होगा। मंत्री ने कहा कि वीबी-जी राम जी योजना छह महीने में लागू कर दी जाएगी और तब तक मनरेगा जारी रहेगा।

## 21 को कुरुक्षेत्र जाएंगे राहुल गांधी, जिला इकाई अध्यक्षों को करेंगे संबोधित



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 21 जनवरी को कुरुक्षेत्र में हरियाणा और उत्तराखंड के पार्टी के जिला इकाई अध्यक्षों के लिए प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रविवार को हरियाणा के जिला इकाई अध्यक्षों को संबोधित करने के बाद यहां पत्रकारों को बताया कि गांधी 21 जनवरी को यहां पहुंचेंगे। कांग्रेस ने हरियाणा और उत्तराखंड में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में इन राज्यों के जिला इकाई अध्यक्षों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है। कुरुक्षेत्र में 13 से 22 जनवरी तक आयोजित इस शिविर में हरियाणा के 33 और उत्तराखंड के 27 जिला अध्यक्ष भाग ले रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन आय बढ़ने के बजाय उनकी लागत कई गुना बढ़ गई है। हरियाणा के पूर्व सीएम ने सरकार पर लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर महिलाओं को धोखा देने का आरोप भी लगाया। हुड्डा ने दावा किया कि चुनाव के दौरान बीजेपी ने सभी महिलाओं को 2100 रुपए प्रति माह देने का वादा किया था, लेकिन अब यह लाभ केवल सीमित संख्या में महिलाओं को ही मिल रहा है। मनरेगा की जगह लेने वाले नए अधिनियम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हुड्डा ने कहा कि बीजेपी नीत सरकार ने दलितों, पिछड़े वर्गों, गरीबों, ग्रामीणों और पंचायतों के अधिकारों पर हमला किया है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में आठ लाख से ज्यादा मनरेगा कामगार होने के बावजूद, 2024-25 के दौरान केवल 2,100 परिवारों को ही 100 दिन का काम उपलब्ध कराया गया।

## पीएम मोदी ने एनडीआरएफ के जवानों की सराहना करते हुए कहा- ये संकट में उम्मीद की किरण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) आज अपना 21वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बल के जवानों की अदम्य बहादुरी, पेशेवर दक्षता और सेवा के प्रति उनके समर्पण की जमकर सराहना की है। प्रधानमंत्री ने एक भावुक संदेश साझा करते हुए कहा कि एनडीआरएफ के जवान संकट के समय हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहकर न केवल लोगों की जान बचाते हैं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में राहत प्रदान कर उम्मीद की किरण भी जगाते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया के माध्यम से एनडीआरएफ के सभी पुरुष और महिला कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका पक्का इरादा और प्रोफेशनलिज्म मुश्किल समय में देश के लिए सबसे बड़ा संबल साबित होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब भी कोई प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा आती है, यह बल बिना थके सबसे चुनौतीपूर्ण हालातों में भी राहत और बचाव कार्यों में जुट जाता है। प्रधानमंत्री के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में एनडीआरएफ आपदा प्रबंधन और तैयारी के मामले में न केवल देश के भीतर एक मिसाल बनकर उभरा है, बल्कि इसने अपनी कार्यकुशलता से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बहुत सम्मान अर्जित किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी स्थापना दिवस पर बल के कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनडीआरएफ आज आपदा-प्रतिरोधी भारत बनाने के संकल्प में एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है। उन्होंने कहा कि आज संकट के समय पूरा देश इस बल पर भरोसा करता है। उन्होंने उन शहीदों को भी नमन किया जिन्होंने दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी जवानों के साहस और अटूट लगन को सलाम किया। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की त्वरित कार्रवाई और जान बचाने के कौशल ने इस बल को लचीलेपन और तैयारी का प्रतीक बना दिया है। आज यह बल अपनी निस्वार्थ सेवा के कारण देश और विदेश दोनों ही जगहों पर प्रशंसा का पात्र बना हुआ है। स्थापना दिवस के इन संदेशों ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत की बढ़ती शक्ति और एनडीआरएफ के जवानों के निरंतर संघर्ष को रेखांकित किया है।

# माघ मेले में अव्यवस्था के लिए बीजेपी का कुशासन और नाकाम व्यवस्था ही दोषी

### -सपा प्रमुख अखिलेश ने शंकराचार्य को स्नान से रोकने और समर्थकों की पिटाई की निंदा की



**प्रयागराज (एजेंसी)।** मौनी अमावस्या के मौके पर प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों और उत्तर प्रदेश की होम सेक्रेटरी मोहिता गुप्ता के साथ पुलिसकर्मियों के बीच तीखी बहस के बाद विवाद बढ़ गया। स्थिति हाथापाई में बदल गई, जिससे मेले में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने मौनी अमावस्या स्नान करने से इनकार कर दिया और अपनी पालकी के साथ बीच रास्ते से ही अखाड़े लौट गए। इस घटना के बाद से राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया, जिसमें समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोला। अखिलेश ने शंकराचार्य को स्नान से रोकने और समर्थकों की पिटाई की निंदा की।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अखिलेश यादव ने प्रयागराज में माघ मेला में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को पुलिस द्वारा संगम में स्नान करने से रोकने और उनके कुछ समर्थकों की पिटाई की घटना की निंदा करते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की। यादव ने कि प्रयागराज में माघ मेला क्षेत्र में पिछले साल की तरह ही इस साल फिर से साधु-संतों-भक्तों के साथ हुआ दुर्व्यवहार अक्षम्य है। उन्होंने कहा कि यह घोर निन्दनीय है। सदियों से चली आ रही शाही-स्नान की अखंड सनातनी परंपरा में गत वर्ष भी इसी सरकार द्वारा विघ्न डाला गया था।

सपा प्रमुख ने कहा कि सवाल ये है कि ऐसी घटनाएं बीजेपी की सरकार में ही क्यों हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या का शाही-स्नान क्या पहली बार हो रहा है। इस अवस्था के लिए बीजेपी का कुशासन और नाकाम व्यवस्था ही दोषी है। उन्होंने वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पर हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य पर सवाल उठाने के लिए विपक्ष की आलोचना को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि अहंकारी बीजेपी शासन और प्रशासन अपने से बड़ा किसी को नहीं मानता है। अब क्या इसका दोष भी 'एआई' पर मढ़ेंगे?

सीएम योगी ने आरोप लगाया था कि विपक्ष मणिकर्णिका घाट पर हो रहे मरम्मत कार्य को गलत तरीके से पेश करने के लिए एआई से बनाई गई तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहा है। सपा प्रमुख ने पूरे मामले की जांच की मांग की और कहा कि बीजेपी सरकार लापरवाह और संवेदनहीन है। बता दें रविवार को ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके समर्थकों को संगम में जाने से रोकने और विरोध करने पर कुछ समर्थकों की पिटाई किए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया है।

वहीं, शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगीराज ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिषपीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज को प्रशासन ने जानबूझकर स्नान करने से रोका और यह घटना पूरी तरह से सुनियोजित थी। योगीराज ने दावा किया कि शंकराचार्य के समर्थक शांतिपूर्ण ढंग से संगम नोज की तरफ स्नान के लिए जा रहे थे, लेकिन षड़यंत्र के तहत प्रशासन के लोगों ने समर्थकों को धक्का दिया और संतों को बर्बरतापूर्वक पीटा जो गलत है।

# कांग्रेस असम में विधानसभा चुनावों में एआईयूडीएफ के साथ गठबंधन नहीं करेगी: गोगोई

### -पार्टी सत्ता में आई तो हिमंत सरमा की सभी अवैध संपत्तियों को करेंगे जब्त



**डिब्रूगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने कहा है कि पार्टी राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए एआईयूडीएफ के साथ गठबंधन नहीं करेगी। गोगोई ने हाजो-सुआलकुची निर्वाचन क्षेत्र के कई स्थानों पर सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में एआईयूडीएफ की पूर्ण विफलता के बाद 2026 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनावी बाधा को पार करने की उसकी सोच पूरी तरह गलत है।

बता दें कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए किए गए गठबंधन की तर्ज पर कई अन्य विपक्षी दलों के साथ गठबंधन बनाने पर काम कर रही है और इससे बदरुद्दीन अजमल के नेतृत्व वाले एआईयूडीएफ को बाहर रखा गया है। उन्होंने 'बोर (ग्रेटर) असम' के निर्माण के लिए जनता से समर्थन की अपील की और सीएम हिमंत विसवा सरमा को राज्य का 'सबसे बेईमान' मुख्यमंत्री बताया है।

गोगोई ने दावा किया कि राज्य के छह समुदायों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने जैसे वादे पूरे न करना यह साबित करता है कि सीएम सरमा एक बेईमान' मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमंत सरमा ने अपनी पत्नी और बेटे के नाम पर अपार संपत्ति जमा कर रखी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर हिमंत सरमा सभी अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को जब्त किया जाएगा। उन्होंने बीजेपी पर धर्म, भाषा, जातीयता और समुदाय के नाम पर समाज को बांटने का आरोप लगाया।

गोगोई ने जोर देकर कहा कि ऐसी विभाजनकारी राजनीति केवल व्यक्तिगत हितों की पूर्ति करती है, विकास की नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 'शांति एवं सद्भाव का पुनर्निर्माण करेगी और गरीबों की सेवा उसी तरह करेगी जैसे पूर्व सीएम तरुण गोगोई ने की थी। राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने भी बीजेपी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि बीजेपी उन वादों को पूरा करने में 'विफल' रही, जिनके आधार पर वह सत्ता में आई थी।

# पलायन की 36वीं बरसी पर कश्मीरी पंडित सड़कों पर उतरे, हाईवे किया जाम

### -घाटी में विस्थापित पंडितों के लिए एक अलग केंद्र शासित प्रदेश के गठन की मांग



**जम्मू (एजेंसी)।** कश्मीरी पंडित पलायन की 36वीं बरसी के मौके पर जम्मू शहर के बाहरी इलाके जगती में देर रात हजारों कश्मीरी पंडित सड़कों पर उतर आए। पनुन कश्मीर के यूथ विंग के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया, जिसके चलते जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम हो गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। उनका कहना था कि बीते तीन दशकों से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद विस्थापित कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास, सुरक्षा और राजनीतिक अधिकारों को लेकर कोई समाधान नहीं किया गया है।

प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में कश्मीर घाटी में विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए एक अलग केंद्र शासित प्रदेश का गठन शामिल है। उनका तर्क था कि बिना अलग प्रशासनिक व्यवस्था के सुरक्षित और सम्मानजनक वापसी संभव नहीं है। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने संसद में एंटी-जेनोसाइड बिल लाने की भी मांग की। कश्मीरी पंडितों ने सरकार से आग्रह किया कि उन्हें आधिकारिक तौर पर जनसंहार के पीड़ित के रूप में मान्यता दी जाए।

राष्ट्रीय राजमार्ग जाम होने से देर रात तक यातायात बाधित रहा, जिससे सैकड़ों वाहन फंसे रहे और लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। हालात को संभालने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और सिविल प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। हालांकि प्रदर्शनकारी इस बात पर अड़े रहे कि उपराज्यपाल खुद मौके पर पहुंचकर उनकी बात सुनें। इसी दौरान एक प्रदर्शनकारी हाईवे पर बने एक कलवर्ट से गिरकर घायल हो गया, जिसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। काफी देर बाद प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच बातचीत के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। फिलहाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बहाल कर दिया गया है, लेकिन कश्मीरी पंडितों की मांगों को लेकर असंतोष अब भी बरकरार है।

# भारत आ रहे रूसी तेल टैंकर अचानक चीन की तरफ मुड़े, क्या अमेरिकी प्रतिबंधों का असर?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन के मध्य जारी जंग के बीच पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का असर अब वैश्विक तेल व्यापार में साफ नजर आने लगा है। भारत और तुर्की की ओर जा रहे कई रूसी तेल टैंकर अब अपना रुख चीन की तरफ मोड़ते दिख रहे हैं। जानकारों का मानना है कि यह बदलाव अमेरिका और यूरोपीय संघ के सख्त प्रतिबंधों के डर और बढ़ती अनिश्चितता का नतीजा हो सकता है।

जानकारी के अनुसार हाल ही में पश्चिमी तुर्की के इजमित बंदरगाह पर पनामा के झंडे वाले टैंकर बेला-6 ने करीब एक लाख टन रूसी कच्चा तेल उतारा। यह डिलीवरी तुर्की की सबसे बड़ी रिफाइनरी कंपनी तुप्रास के लिए अपवाद मानी जा रही है, क्योंकि उसने यूरोपीय संघ के 21 जनवरी से लागू नए प्रतिबंधों से पहले रूसी तेल आयात में करीब 69 प्रतिशत की कटौती कर दी थी। नए ईयू नियमों के तहत रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों का यूरोप में आयात प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिससे भारत और तुर्की जैसी रिफाइनरियों पर सीधा असर पड़ा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिकी प्रतिबंधों, ईरान और वेनेजुएला को लेकर अनिश्चितता तथा यूरोपीय संघ के नए फैसलों ने अंतरराष्ट्रीय तेल आपूर्ति को अस्थिर बना दिया है। लंदन स्थित जनरल इंडेक्स के विश्लेषक डेविड एडवर्ड का कहना है कि मौजूदा दौर असाधारण है, जहां भू-राजनीतिक उथल-पुथल सीधे ऊर्जा बाजार को प्रभावित कर रही है।

इस बीच भारतीय रिफाइनरियों ने भी सतर्क रुख अपनाया है। केप्लर के विश्लेषक सुमित रितोलिया के अनुसार, भारत की प्रमुख रिफाइनरियों ने रूसी कच्चे तेल की खरीद कम कर 'स्वैच्छिक पाबंदी' लगा दी है। दिसंबर 2025 में भारत का रूसी तेल आयात 29 प्रतिशत घटकर तीन साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया। इसके पीछे रूस की दिग्गज कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंध भी बड़ी वजह माने जा रहे हैं।

भारत और तुर्की द्वारा छोड़े जा रहे इस अतिरिक्त रूसी तेल का एक हिस्सा चीन की ओर जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में रूस से चीन के समुद्री मार्ग से तेल आयात में 23 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कई ऐसे टैंकर, जिन्हें भारत ने स्वीकार नहीं किया, चीनी बंदरगाहों के पास देखे गए। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन की छोटी स्वतंत्र रिफाइनरियां, जिन्हें 'टी-पॉट्स' कहा जाता है, सस्ते तेल की खरीद में माहिर हैं और जोखिम उठाने को तैयार रहती हैं। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि चीन



सभी छोड़े गए रूसी तेल को नहीं खपा पाएगा। फिर भी, बढ़ती छूट और सीमित जोखिम के चलते वह बड़ा खरीदार बना रह सकता है।

# हमीरगढ़ में 11 वर्षीय बच्ची ने फांसी लगाकर दी जान

## मेडिकल बोर्ड से होगा पोस्टमार्टम

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** कवि नगर क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है,जहां 11 वर्षीय नेहा जाटव पुत्री नन्हे जाटव ने कथित रूप से दुपट्टे से पंखे के हुक में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।नेहा मूल रूप से ग्राम कुकहा महमूदपुर,जिला शाहजहांपुर(उत्तर प्रदेश)की निवासी थी और वर्तमान




में अपने परिवार के साथ हमीरगढ़ के कवि नगर क्षेत्र में किराये के मकान में रह रही थी।घटना रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है।उस समय कमरे में मृतका के दो छोटे भाई और एक बड़ी बहन सो रहे थे।परिजन व पुलिस के अनुसार पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही शव को पंखे से नीचे उतार लिया गया था।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।बालिका की मौत के असल कारणों का पता लगाने के लिए मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया जाएगा।बताया गया कि मृतका का बड़ा भाई आवश्यक कार्य से अन्यत्र गया हुआ था,जिसे पुलिस द्वारा सूचना दी गई।बड़े भाई के पहुंचने के बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम की प्रक्रिया बुधवार सुबह करवाई जाएगी,जिससे घटना के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।परिवार पिछले 7-8 वर्षों से हमीरगढ़ में किराये के मकान में रह रहा था।मृतका कुछ ही महीने पहले उत्तर प्रदेश स्थित गांव से यहां आई थी। मृतका के अलावा परिवार में उसके 4 बहनें और 3 भाई हैं।फिलहाल शव को हमीरगढ़ उप जिला स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है।पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।घटना की वास्तविकता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

# गौ रक्षक टीम ने गायों से भरा कंटेनर पकड़ा, पुलिस ने किया जब्त, कंटेनर में 60 से 70 गाये जिसमे से कुछ गाये मर गई

स्मार्ट हलचल|शाहपुरा

गौ रक्षक टीम ने केकड़ी रोड स्थित माताजी खेड़ा के आगे गायों से भरा हुआ एक ट्रक कंटेनर पकड़ लिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची टीम ने कंटेनर को अपने कब्जे में लेकर शाहपुरा पहुंचाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा। मौके पर मौजूद पुलिस थानेदार श्याम लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कंटेनर में बड़ी संख्या में गायों को अमानवीय तरीके से भरा गया था। प्रारंभिक जांच में पशुओं के परिवहन संबंधी नियमों का उल्लंघन सामने आया है। पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर लिया है और संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच की



जा रही है। गायों को सुरक्षित रूप से गौशाला भिजवाने की व्यवस्था की गई है। मामले में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भीलवाड़ा के आयुष मुरारका ने एशिया की सबसे बड़ी 'टाटा मुंबई मैराथन' में लहराया परचम

**42 किमी की फुल मैराथन को किया फतह; 69 हजार धावकों के बीच बनाई जगह, घर लौटने पर हुआ भव्य स्वागत**



स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

टेक्सटाइल सिटी भीलवाड़ा के होनहार युवा आयुष मुरारका ने देश की आर्थिक राजधानी में आयोजित एशिया की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित 'टाटा मुंबई मैराथन 2026' में भाग लेकर जिले का नाम रोशन किया है। आयुष ने इस कठिन फुल मैराथन को सफलतापूर्वक पूर्ण कर एक नई मिसाल पेश की है।

21वें संस्करण में 69 हजार धावकों का जोश 18 जनवरी को आयोजित इस मैराथन के 21वें संस्करण में देशभर के 69,000 से अधिक धावकों ने शिरकत की। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से शुरू होकर मरीन ड्राइव और बांद्रा-वर्ली सी लिंक जैसे चुनौतीपूर्ण रास्तों से गुजरी 42 किलोमीटर की इस फुल मैराथन में आयुष ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4996वां स्थान प्राप्त किया।

परिवार का मिला अटूट सहयोग अपनी इस सफलता का श्रेय आयुष ने अपने परिवार के निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन को दिया है। उन्होंने अपने दादा-दादी श्री बनवारी लाल अग्रवाल व श्रीमती सीता देवी अग्रवाल तथा माता-पिता श्री संजय अग्रवाल व श्रीमती पूनम अग्रवाल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। आयुष ने बताया कि जब वे मैराथन पूर्ण कर भीलवाड़ा लौटे, तो परिवार और स्नेहीजनों द्वारा उनका तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया।

**शंभूपुरा पुलिस की अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्व बडी कार्यवाही**

# पिकअप से 2 क्विंटल से अधिक डोडाचूरा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** पुलिस थाना शंभूपुरा ने अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्व बडी कार्यवाही करते हुए एक महिन्द्रा बोलेरो पिकअप से 2 क्विंटल 5 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना शंभूपुरा की अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध 10 दिन में दूसरी बडी कार्यवाही।

जिला पुलिस कप्तान मनीष त्रिपाठी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थो की धरपकड़ कर तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जिला चितौडगढ के समस्त थानाधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिये गये है। जिस



पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सरिता सिंह के निर्देशन, डीएसपी भदेसर विनोद कुमार के सुपरविजन व थानाधिकारी शंभूपुरा धर्मराज मीना उप निरीक्षक के नेतृत्व मे पुलिस जाब्ता एएसआई धर्मेन्द्र कुमार, कानि. नरेश कुमार, रामकिशन, मुकेश कुमार, योगेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार व पुष्पेन्द्र सिंह के द्वारा नाकाबन्दी के दौरान एक महिन्द्रा बोलेरो पिकअप को रोककर तलाशी ली गई तो पिकअप में अवैध मादक पदार्थ कुल 2 क्विंटल 5 किलोग्राम अफीम डोडाचूरा निम्बाहेडा-चित्तौडगढ हाईवे रोड सामरी तिराहा से जब्त किया गया। उक्त मादक पदार्थ डोडाचूरा व परिवहन मे काम मे ली जा रही बोलेरो पिकअप को जब्त कर आरोपी 29 वर्षीय शैतान लाल गुर्जर पुत्र हीरालाल गुर्जर निवासी आमली थाना काछोला जिला भीलवाडा व 40 वर्षीय फौरूलाल पुत्र मोडा भील निवासी आमली (जस्सू खेडा) थाना काछोला जिला भीलवाडा को गिरफतार किये गये। पुलिस थाना शंभूपुरा पर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# कैंपस जीप से 4 लाख रु की अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल|उदयपुर

खेरवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब के 33 कार्टून जब्त किए हैं। इस कार्रवाई में शराब परिवहन में प्रयुक्त एक कैंपस जीप भी जब्त की गई है, जबकि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान एक कम्पास जीप को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका और पुलिस बोलेरो को टक्कर मार दी। पीछा करने के दौरान जीप का टायर फट गया, जिससे वाहन रुक गया। मौके का फायदा उठाकर चालक भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया।

वाहन की तलाशी लेने पर बिना किसी वैध लाइसेंस के अंग्रेजी शराब का परिवहन किया जाना सामने आया। पुलिस ने आरोपी दीपक पिता मानजी, निवासी जगार, झल्लारा (सलूंबर) को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 19/54 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख रुपये बताई गई है, जबकि वाहन की कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है। इस प्रकार कुल जब्ती 24 लाख रुपये की हुई है। मामले में आरोपी से पूछताछ जारी है।

# पुलिस का सामाजिक कुप्रथाओं पर कड़ा प्रहार: 'झगड़ा-विवाद' के नाम पर वसूली करने वाले 7 पंच-पटेल गिरफ्तार

**नाता-विवाह के नाम पर लाखों की 'झगड़ा राशि' वसूलने का खेल बंद**

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा/बनेड़ा

जिले में वर्षों से चली आ रही 'झगड़ा-विवाद' जैसी कुप्रथा के खिलाफ भीलवाड़ा पुलिस ने निर्णायक जंग छेड़ दी है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर बनेड़ा और शंभूगढ़ थाना पुलिस ने नाता-विवाह के नाम पर अवैध रूप से लाखों रुपये की वसूली करने और परिवारों को बर्बाद करने वाले 7 पंच-पटेलों को गिरफ्तार कर पाबंद किया है।

निजी स्वार्थ और कमीशन का खेल पुलिस जांच में सामने आया कि जब भी समाज में कोई लड़का-लड़की अपनी स्वेच्छा से नाता-




विवाह करते हैं, तो कुछ पंच-पटेल अपने निजी स्वार्थ के लिए लड़के के परिवार पर नाजायज सामाजिक दबाव बनाते हैं। ये लोग मनमाने तरीके से लाखों रुपये की 'झगड़ा राशि' तय करते हैं, जिसमें इन पंच-पटेलों का मोटा कमीशन होता है। इस वसूली के चक्कर में कई परिवारों को अपनी जमीन तक बेचनी पड़ती है और वे कर्ज के दलदल में फंस जाते हैं।

### 7 आरोपी पाबंद

पुलिस की समाज से अपील एएसपी शाहपुरा राजेश आर्य के निर्देशन में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शांतिलाल, महावीर, धन्नालाल, रामस्वरूप, नारायण, धन्ना और नानुराम को धारा 170 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर पाबंद किया है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि भविष्य में इस प्रकार की कुप्रथाओं को बढ़ावा देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। भीलवाड़ा पुलिस की अपील: 'सामाजिक कुप्रथाओं और झगड़ा-विवाद से समाज को दूर रखें। समाज को आर्थिक तबाही से बचाकर शिक्षा की ओर अग्रसर करें।

# रमा विहार कॉलोनी में विद्युत लाइन की चपेट में आने से फ्रिज से भरे कंटेनर में लगी भीषण आग

**4 दमकलों की मदद से आग पर पाया काबू**



स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र स्थित रमा विहार कॉलोनी में मंगलवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक इलेक्ट्रॉनिक शॉप पर फ्रिज खाली करने आए कंटेनर में अचानक भीषण आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कंटेनर ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन की चपेट में आ गया, जिससे तेज चिंगारी के साथ आग भड़क उठी।

कंटेनर में बड़ी संख्या में फ्रिज भरे होने के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया।

घटना की जानकारी मिलते ही सुभाष नगर थाना प्रभारी मय जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने कंटेनर में फ्रीज होने से उसकी गैस के चलते विस्फोट की आशंका को देखते हुए तत्परता दिखाते हुए कंटेनर को रिंग रोड पर पहुंचाया, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की एक एक करके कुल 4 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों द्वारा जेसीबी की मदद से काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

# सीए चैंपियंस लीग बनी खेल भावना, अनुशासन और सौहार्द का सशक्त मंच

**एल्फिन एग्रो स्ट्राइकर्स बनी सीए चैंपियंस लीग 2026 की विजेता, तीन रन से इतिहास रचा**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** सीए चैंपियंस लीग 2026, ऑरियम के तत्वावधान में आयोजित टूर्नामेंट का समापन रविवार को अत्यंत रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में पहले तीसरे स्थान का मुकाबला और उसके बाद फाइनल मैच खेला गया, जिसने टूर्नामेंट को यादगार बना दिया। शाखा अध्यक्ष अलोक सोमानी ने बताया तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में सीए ब्रदरहुड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 137/5 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नरेडी इन्वेस्टमेंट की टीम ने संयमित और सधी हुई बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला अपने नाम किया। इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए राहुल पोरवाल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य समन्वयक नरेश जागेटिया ने बताया रात्रि में फ्लडलाइट्स के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में एल्फिन एग्रो स्ट्राइकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 157 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इस पारी में सीए जगदीप चौधरी ने अत्यंत संयम और आक्रामकता का संतुलन दिखाते हुए 61 गेंदों में 67 रन बनाए,



जिसमें 6 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। वहीं दीपक न्याती ने भी महत्वपूर्ण योगदान देते हुए 37 रन बनाए। मुख्य समन्वयक दिनेश आगाल ने बताया जवाब में प्रोस्टॉक्स की टीम ने अंत तक जबरदस्त संघर्ष किया, लेकिन पूरी टीम 154 रन पर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार एल्फिन एग्रो स्ट्राइकर्स ने मात्र 3 रनों से जीत दर्ज कर सीए चैंपियंस लीग 2026 की ट्रॉफी अपने नाम की। उत्कृष्ट बल्लेबाजी और दबाव में शानदार प्रदर्शन के लिए सीए जगदीप चौधरी को फाइनल मुकाबले का मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। शाखा सचिव अक्षय सोडानी ने बताया फाइनल मुकाबले के पश्चात आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता टीम एल्फिन एग्रो स्ट्राइकर्स को ट्रॉफी ऑरियम की ओर से अर्पित चौधरी द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर खिलाड़ियों, आयोजकों और दर्शकों की उपस्थिति में विजेता टीम का जोरदार स्वागत किया गया। तीन रनों के इस बेहद करीबी मुकाबले ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा और पूरे टूर्नामेंट को एक यादगार समापन दिया। सीए चैंपियंस लीग 2026, ऑरियम के तत्वावधान में न केवल प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट का उत्कृष्ट उदाहरण बना, बल्कि खेल भावना, अनुशासन और सौहार्द का भी सशक्त मंच सिद्ध हुआ।

**शाहपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

# अवैध देसी पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार, गश्त के दौरान दबोचा

**लाठियों का खेड़ा निवासी महादेव सुथार चढ़ा हत्थे; हथियार खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ जारी**

स्मार्ट हलचल|शाहपुरा

जिले में अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शाहपुरा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को अवैध देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

रात की गश्त में मिली सफलता

थानाधिकारी सुरेश चन्द्र ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार क्षेत्र में अपराध नियंत्रण हेतु विशेष निगरानी रखी जा रही है। सोमवार रात को हेड कांस्टेबल पांचूलाल और उनकी टीम गश्त पर थी, तभी मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर महादेव सुथार (45) निवासी लाठियों का खेड़ा को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध देसी पिस्टल बरामद हुई।



पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण संख्या 25/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया है। अब पुलिस इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि आरोपी यह पिस्टल कहाँ से लाया था और इसका उपयोग किस वारदात में किया जाना था।

### टीम में ये रहे शामिल:

इस कार्रवाई में थानाधिकारी सुरेश चन्द्र, एएसआई सोराज, हेड कांस्टेबल पांचूलाल, कांस्टेबल बनवारी लाल और खुशराज की मुख्य भूमिका रही।

# भीलवाड़ा डकैती कांड का मास्टरमाइंड निकला पूर्व सेल्समैन, चोरी पकड़ी तो निकाला, बदला लेने के लिए रची 4 लाख की डकैती

**20 हजार का इनामी मोहित सिंह गिरफ्तार; साल भर पहले भी की थी लूट की नाकाम कोशिश, आरोपियों की कराई पैदल परेड**

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में शास्त्रीनगर निवासी गुटखा व्यापारी नारायण दास सिंधी के साथ हुई 4 लाख रुपये की सनसनीखेज डकैती का कोतवाली पुलिस ने राजफाश कर दिया है। इस पूरी साजिश का सूत्रधार कोई और नहीं, बल्कि व्यापारी की दुकान पर काम कर चुका पूर्व सेल्समैन मोहित सिंह है। पुलिस ने मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है, जिस पर एसपी द्वारा 20,000 रुपये का इनाम घोषित था।

नौकरी से निकाला तो पाला प्रतिशोध पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी मोहित सिंह करीब एक साल पहले व्यापारी की दुकान पर सेल्समैन था। चोरी करते पकड़े जाने पर व्यापारी ने उसे नौकरी से निकाल दिया था, जिसका बदला लेने के लिए वह मौके की तलाश में था। उसे पता था कि व्यापारी प्रतिदिन दिनभर का कैश लेकर अकेले स्कूटी से



घर जाता है। फरवरी 2025 में भी उसने लूट की कोशिश की थी, लेकिन तब असफल रहा। इस बार उसने अपने दोस्तों को बड़ी रकम का लालच देकर गिरोह बनाया और 12 जनवरी की रात घर के बाहर ही डकैती को अंजाम दे दिया।

पैदल परेड से थर्राए अपराधी पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर थानाधिकारी शिवराज गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया। गिरफ्तार अपराधियों को शनिवार को घटनास्थल पर ले जाकर पैदल परेड कराई गई और साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने काना उर्फ कन्हैया लाल, विक्रम उर्फ विक्की, राजू और किशन को पहले ही दबोच लिया था, जबकि मुख्य साजिशकर्ता मोहित सिंह खेतों में छिपकर फरारी काट रहा था, जिसे अब गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस टीम की सफलता इस जटिल मामले को सुलझाने में कोतवाली थानाधिकारी शिवराज गुर्जर, एएसआई अशोक सोनी (विशेष योगदान), हेड कांस्टेबल विजेंद्र सिंह, कांस्टेबल संजय जीनगर और समय सिंह की अहम भूमिका रही।

# सरकारी रास्ते की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

**भूपालसागर।** उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत फलासिया के ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में स्थित खुले बरामदे के पास खेतों की तरफ जाने वाले सरकारी रास्ते की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि फलासिया स्थित पुराने आराजी नम्बर 602, 702 में 20 फीट सरकारी रास्ता है जो खेतों की तरफ जाता है और यह रास्ता रेकार्ड में भी दर्शा रखा है, लेकिन किशनलाल पिता हरिराम गाडरी निवासी भूमलावास ने उक्त रास्ते की भूमि पर जबरन कब्जा कर अतिक्रमण कर रखा है।



ग्रामीणों ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए शिकायत भी की गई लेकिन कार्यवाही होने के बाद किशनलाल वापस अतिक्रमण कर लेता है। अतिक्रमण के कारण यहां पानी की निकासी के लिए बनाई गई नाली भी बंद हो चुकी है जिससे रास्ते के पास से गुजर रही सार्वजनिक विभाग की सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है, ग्रामीणों को आवागमन में भी बाधा आ रही है, साथ ही गंदा पानी सड़क पर होने से कीचड़ से मख्खी मच्छरों से ग्रामीण परेशान है।

# हिंदू समाज जागृत हुआ तो धारा 370 समाप्त, राम मंदिर निर्माण व काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बन गए- सुरेश चंद्र

## उदलियास में हिंदू सम्मेलन आयोजित

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** 1000 साल बाद हिंदू समाज जागृत हुआ है । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 100 साल तक प्रयत्न किये तब आज हम यहां हैं लाखों गांवों में संघ के कार्यकर्ता गए तब जाकर हिंदू समाज शक्ति के रूप में खड़ा हुआ है । समाज बलशाली होना चाहिए । माताओ और बहनों का सम्मान करने वाला समाज खड़ा हो । बहने अस्त्र-शस्त्र चलाना सीखे पुलिस सेवा में जाए, सेना में जाए,कमांडो बने । संघ योजना कर रहा है, आने वाले 10 वर्षों में हमारी बेटियां हर क्षेत्र में सीनाताने शेरनी की तरह गर्जना करती नजर आएगी ।



समाज को तोड़ने वाले, बांटने वाले और भेद करने वाले समाज के शत्रु है । उनके मंसूबों को कामयाब न होने दे । कौन किस जाति में पैदा हुआ यह हमारे नहीं ईश्वर के हाथ है इसलिए अनावश्यक जाति का अहंकार न पालें । हिंदू समाज जागृत हुआ तो धारा 370 समाप्त, राम मंदिर निर्माण और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बन गये, उपयुक्त बात मंगलवार को उदलियास में आयोजित हिंदू सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्र ने हिंदू सम्मेलन में मौजूद लोगों से कहीं । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत दीपक पुरी महाराज ने भी हिंदू समाज को जात-पात से ऊपर उठकर संघ के बताएं मार्ग पर चलने की



बात कही । महिला अध्यक्ष मनीषा खारोल ने मातृशक्ति से महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, चंद्रशेखर आजाद एवं सुभाष चंद्र बोस जैसे देशभक्त पुत्र पैदा करने की बात कही । कार्यक्रम के अध्यक्ष गोपाल जाट ने सनातन धर्म को विश्व बंधुत्व का मार्ग बताया है । इससे शुभारंभ पर उदलियास मंडल के 13 गांवों से पहुंचे महिलाओं एवं ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत भवन के पास से शोभायात्रा निकाली जो 4 किलोमीटर दूर बाग के बालाजी मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुई । शोभा यात्रा में रथ में सवार होकर चल रहे संतो के स्वागत में कस्बे वासियों ने पलक पांवड़े बिछा दिए । जगह-जगह रंगोली बनाई गई पुष्प वर्षा कर संत जनों का स्वागत किया गया, शोभायात्रा में भजन मंडली, झांसी की महारानी, राम सीता की संजीव झांकियां बनाई । जगह-जगह पहलवानों ने अखाड़ा प्रदर्शन कर लोगों को रोमांचित कर दिया । जय कारों से कस्बे का वातावरण धर्ममय हो गया । शोभायात्रा का पुष्प वर्षा का स्वागत किया । बाग के बालाजी मंदिर में 4000 लोगों के लिए भोजन प्रसादी बनाई गई । इस दौरान खंड प्रभारी सीताराम खटीक उपखंड पालक मनोज शर्मा, हरि सिंह राणावत, विष्णु शर्मा, लक्ष्मण गाडरी, किशन सिंह, भगवानलाल गुर्जर, नारायण लाल गाडरी, भेरू सिंह, महावीर सिंह, देबी सिंह, ब्रह्मलाल खारोल, छोटू लाल बलाई, सुरेंद्र सिंह, गोपाल माली, जगदीश चंद्र खटीक सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण व महिलाएं मौजूद रहे।

## कस्बे में निकाली जाएगी श्री राम की भव्य शोभायात्रा



स्मार्ट हलचल

**वैर।** हिंदू सम्मेलन के तहत भगवान श्री राम के अयोध्या में मंदिर निर्माण को 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन लघु काशी वैर में 22 जनवरी 2026 को प्रातः 9:00 बजे से से किया जायेगा । शोभा यात्रा उर्मिला लक्ष्मण मंदिर बयाना गेट से प्रारंभ होगी ।शोभायात्रा कि तैयारी के उपलक्ष में सोमबार को उर्मिला लक्ष्मण मंदिर पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें वह बस्ती के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। भव्यशोभा यात्रा निकालने और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम पर चर्चाएं की इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष विष्णु महावर, संतोष धाकड़, देवेंद्र पाठक एडवोकेट, राम चौधरी, राखी लाल सैनी, महिपाल , मिक्की कटारा, अशोक पुष्प, भूरा, तेजाराम जाटव, पवन चौधरी, अमन कश्यप, हेमंत कश्यप, राघवेंद्र सैनी,तेज सिंह गुर्जर, उमेश सैनी, शशिकांत शर्मा, सहित हिंदू संगठनों के सदस्य मौजूद रहे।

## व्यावसायिक शिक्षा में कौशल प्रादर्श में राजेन्द्र मार्ग स्कूल ने फिर फहराया परचम



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु आयोजित कौशल प्रदर्शनी प्रतियोगिता के तहत पीएमश्री राउमावि माण्डल भीलवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय कौशल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में राजेन्द्र मार्ग स्कूल के विद्यार्थियों ने जीत का परचम लहराकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया हैं। प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह गहलोत ने बताया कि जिला स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा अन्तर्गत आयोजित कौशल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में छात्र दीपक वैष्णव ने सिक्यूरिटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं छात्र आशुतोष छीपा ने रिटेल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कौशल प्रदर्शनी सिक्यूरिटी ट्रेड में दीपक वैष्णव ने लाईब्रेरी की सुरक्षा मॉडल का निर्माण किया तथा रिटेल ट्रेड में छात्र आशुतोष छीपा ने स्वदेशी मॉल का मॉडल बनाया। छात्रों ने यह मॉडल व्यावसायिक प्रशिक्षक आशीष सोनी (रिटेल) व हेमन्त पाटीदार (सिक्यूरिटी) के निर्देशन में बनाऐ। कौशल मित्र श्रीमती रेखा शर्मा, प्राध्यापक के मार्गदर्शन में लगभग 15 दिन से दोनो व्यावसायिक प्रशिक्षको एवं प्रतिभागी छात्रों की नियमित मेहनत, लगन व निष्ठा से यह मुकाम हासिल किया।

## कर्मचारी महासंघ की बैठक में खास मांगो पर चर्चा, सरकार को कर्मचारी हितों का ध्यान रखना जरूरी

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा




अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारणी बैठक जयपुर में जनपथ पर यूथ हॉस्टल मैं संपन्न हुई। बैठक में घटक संगठनों के पदाधिकारी व महासंघ एकीकृत के जिला अध्यक्षों एवं महामंत्री ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष केसर सिंह चंपावत ने की। विशेष अतिथि प्रदेश संरक्षक गजेंद्र सिंह राठौड़ बैठक में प्रदेशाध्यक्ष चंपावत ने सभी विभागों के संगठनों के मांग पत्र लेकर खास मांगों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमें लक्ष्य बनाकर कर्मचारी हितार्थ कार्य करना है प्रदेश के दूर दराज में नियुक्त कार्मिक के पीड़ा हमारी पीड़ा है हम राज्य हित में सरकार के योजनाओं को मेहनत व लगन से जन-जन तक पहुंचाते हैं लेकिन सरकार को कर्मचारी हितों ध्यान रखना जरूरी है।इसके लिए हम सरकार का ध्यान आकर्षित करते रहेंगे।

सभी पदाधिकारी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे, संगठन सदैव हर पीड़ित कर्मचारियों की आवाज बना है तथा संगठन ने सदैव कार्मिकों की बात सरकार तक पहुंचने में एक सेतु का काम किया है, संगठन सदैव पूरी दृढ़ता और प्रतिबद्धता के साथ कर्मचारियों की मांगों को सरकार के समक्ष रखकर उनका समाधान करवाने के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि बैठक में प्राप्त सुझावों व मांगों के आधार पर निम्न 12 सूत्री मांग पत्र तैयार किया गया है जिसे सरकार को सौंपा जाएगा।

1.राजकीय सेवा में चार एसीपी 8, 16, 24 और 32 दिए जाएं।

2.लैब टेक्नीशियन के पदनाम संशोधन की अधिसूचना जारी की जाए एवं वेतन विसंगति सहित विभिन्न संवर्गों का वेतन विसंगतियों का निवारण।3.संविदा, निविदा, पैरा टीचर,आशा सहयोगिनी ,कुक कम हेल्पर का नियमितीकरण किया जाए।

4. पेंशन योग्य सेवा 20 वर्ष की जाए

5. पारदर्शी स्थानांतरण नीति व बीएलओ पद पर भर्ती की जाए।

6.HRA/CCA की वसूली संबंधी आदेश प्रत्याहारित हो तथा शहरी क्षेत्र में आवंटित पदों को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाए ।

7.शिक्षा , चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों में लंबित पदोन्नतियों को यथा शीघ्र काउंसिलिंग द्वारा की जाए ताकि रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती हो सके।

8. प्रबोधकों की पुरानी सेवा की गणना, दूसरा पदोन्नति चरण व्याख्याता पद ।

9.पीएचएडी तकनीकी कर्मचारियों की पदोन्नति व नई भर्ती

10. संस्कृत शिक्षा में प्रिंसिपल पदोन्नति भी की जाए।

11.कंप्यूटर अनुदेशक को शिक्षकों के समान माना जाये तथा अध्यापकों वाला पे मैट्रिक दिया जाये।

12. सरकारी संस्थाओं का निजीकरण रोका जाए

प्रदेश महामंत्री जागेश्वर शर्मा ने कहा कि राष्ट्र हित में करेंगे काम, और काम का लेंगे पूरा दाम ।उन्होंने संगठन का विस्तार ब्लॉक स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

भीलवाड़ा से जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह तंवर जिला मंत्री उदय लाल बलाई संगठन के प्रदेश मंत्री सीपी जोशी प्रबोधक संघ के किशन सिंह राठौड़ गजराज सिंह राठौड़ सुरेश चंद्र रेगर एवं महासंघ की अधिकांश पदाधिकारियों ने बैठक में भाग लिया।

## दुग्ध उत्पादक सदस्य प्रोत्साहन राशि वितरण समारोह आयोजित



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** सदस्य प्रोत्साहन राशि वितरण समारोह' में आयोजन हुआ। क्षेत्रीय विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि दुग्ध उत्पादक भाइयों-बहनों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही श्वेत क्रांति की वास्तविक ताकत है। समिति द्वारा प्रदान की गई यह प्रोत्साहन राशि न केवल पशु पालकों के मनोबल को सशक्त करेगी, बल्कि क्षेत्र के डेयरी उद्योग को भी नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगी। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिलाल जाट, पंचायत समिति सदस्य श्री दिलीप सिंह महाराज सा, जिला कार्यसमिति सदस्य गोवर्धन वैष्णव, समिति अध्यक्ष छीतर धाकड़ सहित भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## वीर शिरोमणि हिंदुआ सूरज महाराणा प्रताप की429वीं पुण्यतिथि मनाई



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** भरणी महाराणा प्रताप स्मारक पर भरत सिंह पड़ासोली के नेतृत्व में माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जहां उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के त्याग, वीरता और मातृभूमि के प्रति समर्पण को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। जिसमें क्षेत्र के कई युवा ठाकुर साहब ज्योतिरादित्य सिंह जामोली, कुशाल सिंह, भंवर सिंह, मिठू सिंह भरणी, विनोद धाकड, विजय शर्मा, कन्हैया लाल आचार्य, राहुल आचार्य, दीपेंद्र सिंह जामोली , श्याम लाल नायक, सत्यनारायण जाट आदि उपस्थित रहे। भरत सिंह जी ने प्रताप के जीवन का वर्णन करते हुए युवाओं को त्याग, बलिदान, शौर्य व प्रताप के पदचिन्हों पर चलने की सीख दी।

## भारत को विश्व गुरु बनाना है तो संगठित और संस्कारवान पीढ़ी तैयार करना आवश्यक-स्वामी हंस चैतन्य

### धामनिया में विराट हिन्दू सम्मेलन में सैकड़ो लोगो ने लिया भाग

स्मार्ट हलचल | काछोला

क्षेत्र के धामनिया कस्बे में धामनिया मण्डल का विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें धामनिया, जस्सू जी का खेड़ा, आमली,चावण्डिया, बगतपुरा छुर का खेड़ा, जगपुरा सहित मण्डल के सभी गावों से धर्म प्रेमी लोग उपस्थित थे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता बबलू सिंह ने कि तथा मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व पिंकी पुरोहित ने किया तथा कहा कि महिला हर क्षेत्र में आगे बड रही है तथा परिवार देश समाज को चलाने के लिए महिला की अग्रणी भूमिका निभा रही है ।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ओमप्रकाश बुलिया ने कहा कि



भारत अगर विश्व गुरू बनाना है तो यहाँ के लोगों को संगठित होना पड़ेगा ।कार्यक्रम में पूज्यसंत स्वामी हंस चैतन्य जी महाराज का आशीर्वचन मिला इन्होने समाज को समरस, बनाने का आह्वान किया अगर भारत को विश्व गुरू बनाना है तो यहाँ संस्कार वान पीढ़ी को तैयार करना होगा ।पूज्यसंत श्रीगुलाब दास जी महाराज का आशीर्वचन भी मिला इन्होने समाज को आह्वान किया है कि अगर भारत माता की जय विश्व मै गुजे तो यहाँ के लोगों को एक साथ एक स्वर में भारत माता की जय कार करनी होगी ।एक साथ एक दिशा में बढ़ना होगा ।हिन्दू सम्मेलन संयोजक देवेन्द्र सिंह ने सम्मेलन की भूमिका रखी ।सम्मेलन में मातृशक्ति ने कलश यात्रा निकाली साथ ही भजन मण्डली, तेजाजी की मण्डली, आदि टोलियाँ शोभायात्रा मै सम्मिलित हुइ ।शोभायात्रा तेजाजी चोक से प्रारम्भ होकर गाँव के प्रमुख मार्गो से होकर सामुदायिक भवन में धर्म सभा में बदल गयी ।इसमें ओम प्रकाश सुथार,भवानी शंकर सुथार,अशोक कुमार, लक्ष्मण सिंह, ओम मुन्दडा ,कन्हैयालाल जाट,जिला प्रचारक केशव,सह जिला कार्यवाह राजेन्द्र, सह खण्ड कार्यवाह दिनेश, बुद्ध राज, शिवराज सिंह,रणवीर साहू,राहूल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन रामकुमार वैष्णव ने किया।

## बोराणा घाटी हनुमान मंदिर पर अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

### फूल माली एवं सोमाणी समाज के श्री राम मंदिर पर होगा 21 जनवरी को पाठ



स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** रामलला प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्ष गांठ को लेकर कस्बे के बोराणा घाटी हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा मंडल द्वारा पांच संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। संयोजक रमेश चंद्र वैष्णव ने बताया कि 22 जनवरी तक कस्बे के श्री राम मंदिर व बस स्टैंड पर भव्य संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा जिसमें समस्त ग्रामवासी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। पाठ के दौरान उप प्रशासक देव कृष्ण माली, अनिल दाधीच, चंद्रशेखर देशांतरी, एडवोकेट हरीश टेलर, अजय सोनी, श्रवण वैष्णव, संरक्षक शिवनारायण सेन, भेरू सिंह सिसोदिया, मदन सुथार, नवरत्न सुथार, गोपाल कृष्ण त्रिवेदी, किशन कुमावत, गौरव कोठारी, राधेश्याम काबरा, राम गोपाल दाधीच, सुनीता सपना टांक, मनोज सेन, गणपत सेन सहित सैकड़ो महिला पुरुष प्रतिदिन भाग ले रहे हैं।

## आरकेआरसी माहेश्वरी महिला संगठन के चुनाव निर्विरोध हुए, पल्लवी लढ़ा अध्यक्ष, रंजना बिड़ला सचिव

### संगठन का भविष्य अनुभव की मजबूत नींव और युवाओं की नई सोच के संतुलन से ही सशक्त बनेगा: पल्लवी लढा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** नगर माहेश्वरी महिला संस्थान अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी के निर्देशन में आरकेआरसी व्यास माहेश्वरी महिला संगठन के चुनाव निर्विरोध रूप में संपन्न हुए। डॉ. अध्यक्ष चेतना जागेटिया एवं सचिव मीनू झंवर के सानिध्य में आगामी नए सत्र हेतु अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं संगठन मंत्री पदों के लिए मनोनयन प्रक्रिया स्थानीय भवन में संपन्न हुई। निर्वाचन अधिकारी गायत्री मूंदड़ा एवं मोना डाड के सहयोग से यह मनोनयन प्रक्रिया शांतिपूर्वक पूर्ण हुई। मनोनयन के उपरांत अध्यक्ष पद पर पल्लवी लढा, सचिव पद पर रंजना बिड़ला, कोषाध्यक्ष पद पर



सुमित्रा दरगड एवं संगठन मंत्री पद पर आशा दरगड को निर्विरोध रूप से चयनित किया गया। नवनियुक्त अध्यक्षा पल्लवी लढा ने बताया की संगठन का भविष्य अनुभव की मजबूत नींव और युवाओं की नई सोच के संतुलन से ही सशक्त बनेगा। हम परंपरा को सम्मान देते हुए नवाचार को अपनाएँगे, ताकि संगठन समय के साथ और ऊँचाइयों तक पहुँचे। इस अवसर पर संगठन की सभी सदस्याओं का सक्रिय सहयोग सराहनीय रहा। अंत में नवनिर्वाचित प्रदाधिकारीयों का सदस्याओं ने माला पहनाकर व मुँह मीठा कराकर स्वागत किया गया।

## श्री यादें माता जयंती पर मेलानी गंगापुर प्रजापत समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** मंगलवार को श्री यादें माता जयंती के पावन अवसर पर मेलानी गंगापुर प्रजापत समाज द्वारा भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में प्रजापत समाज के पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

तहसील प्रजापत समाज अध्यक्ष लादूलाल प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रजापत समाज की कुलदेवी श्री यादें माता की जयंती के उपलक्ष्य में यह शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ मेलोनी विद्यालय से हुआ, जो कुम्हार मोहल्ला, माली मोहल्ला, मुख्य बाजार, भूत बावजी मंदिर से होते हुए पुनः मेलोनी मोहल्ला पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं



के साथ महिलाओं और बच्चों की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही। आयोजन में प्रमुख रूप से जगदीश प्रजापत, माधव लाल, गणेश लाल, बंसीलाल, किशनलाल, कैलाश चंद्र, जगदीश चंद्र, रोशन लाल, सावरमल, धनराज, सोहन, बालूराम, शंकर लाल, कन्हैयालाल, राजकुमार, बालू राम, मदनलाल प्रजापत सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से जयकारे लगाए, जिससे वातावरण धार्मिक और उल्लासपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समाजजनों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

## निशुल्क नेत्र जांच, दंत एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति एवं अन्धता निवारण सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श मोतियाबिंद शिविर, दंत चिकित्सा एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में आज शुभारंभ हुआ जिसमें 85 नेत्र रोगियो को परामर्श दिया गया।

समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि डॉ कृष्णा हेडा फेको सर्जन द्वारा नेत्र रोगियों की निशुल्क जांच कर उन सभी जरूरतमंद रोगियों के स्पर्श हॉस्पिटल में 21 जनवरी को ऑपरेशन किए जाएंगे। शिविर में रोगियों को निशुल्क दवाइयां,काले चश्मे व आवास, भोजन की सुविधा रहेगी दंत चिकित्सा शिविर में डॉ रोहित बसेर व होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर डॉ खुशबू बसेर ने मौसमी बीमारियों के रोगियों को निशुल्क परामर्श दे निशुल्क दवाइयां वितरित की।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी, सुभाष गर्ग, गणपत जागेटिया, अरुण जागेटिया, रामनारायण सोमानी, नया शंकर शुक्ला, घनश्याम डाड,लादू लाल माली ने सेवाए दी।

## केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

# मनरेगा बचाओ आंदोलन के तहत तिलक मंडल का एक दिवसीय धरना-अनशन

स्मार्ट हलचल|पवन बावरी

**भीलवाड़ा।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर करने की साजिशों के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) तिलक मंडल द्वारा मनरेगा बचाओ आंदोलन के तहत अंहिसा सर्कल चौराहा पर एक दिवसीय धरना-अनशन का भव्य आयोजन किया गया। यह धरना 20 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

तिलक मंडल अध्यक्ष अनिल डीड़वानिया ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा कानून में बदलाव कर इसे समाप्त करने की दिशा में कार्य कर रही है। राज्य सरकारों पर 40 प्रतिशत वित्तीय भार डालना, योजना का नाम बदलना एवं कानून में संशोधन जैसे प्रस्ताव गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण जनता के अधिकारों पर सीधा हमला हैं। कांग्रेस पार्टी इन शर्तों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी।

धरना स्थल पर पूर्व कृषि मंत्री एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वर्गीय गिरधारी लाल जी व्यास की पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस



कमेटी (शहर) के मार्गदर्शन में तिलक मंडल प्रभारी राजकुमार खटीक, रोशन कोली तथा सह-प्रभारी अनिता पहाड़िया एवं गोपाल खटीक के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के जिलाध्यक्ष शिवराम जी.पी. खटीक उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल एक रोजगार योजना नहीं, बल्कि गरीबों का जीवन सुरक्षा कवच है, जिसे भाजपा सरकार लगातार कमजोर करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी इस लड़ाई को सड़क से लेकर संसद तक पूरी मजबूती से लड़ेगी। कार्यक्रम का संचालन निसार सिलावट ने किया।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल डांगी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, पीसीसी सदस्य मनोज पालीवाल, राजेंद्र जैन, एडवोकेट कुणाल ओझा, पार्षद उस्मान पठान, वसीम शेख, हमीद रंगरेज, मोहम्मद हारून रंगरेज, बंशीलाल डीड़वानिया, गोरी शंकर दायमा, समदु देवी खटीक, नाथू लाल डीडवानिया, चंद्र प्रकाश अमरवाल, शिवराज सुराणा, चंदकरण, सुनील सोलंकी, दिनेश खोईवाल, बाबू लाल, नंदकिशोर सुवालका, संदीप खोईवाल, भूरा लाल रैगर, अंबा लाल कोली, घनश्याम, रामनिवास खोईवाल , आनंद खोईवाल, लखन, अर्जुन, रामचंद्र कोली, ज्ञानमल खटिक, उदयलाल खटिक, उदयलाल खटिक, मदन लाल सैन, जगदीश खोईवाल, अमरचंद खटिक, मो अकरम, राजकुमार पायक, करण सिंह, जितेश चपलोत, जितेंद्र सिंह, संगीता खटिक, रेखा खटिक, गीता खटिक, माया खटिक, गणिया खटिक, शांति खटिक, लाड़ देवी, गन्ना देवी, सोनी बाई, ममता खटिक, प्रियंका खटिक, शंकरी खटिक, रामगणि खटिक, पिंकी खटिक, कमली खटिक, सीता खटिक, साधना शर्मा, इंद्रा जैन, नीतू मेहता, विमला गोस्वामी, रेणु जैन, संजू राठी, संतोष जैन. सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। धरना-अनशन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया।

## विराट हिंदू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन



स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले भव्य विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में मंगलवार को दादाबाड़ी बस्ती में सर्व समाज के बंधुओं द्वारा प्रिंट मीडिया के माध्यम से सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

आयोजन समिति के अनुसार, 1 फरवरी (रविवार) को प्रातः 9:15 बजे 1100 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा श्री पंचमुखी दरबार से प्रारंभ होकर बस्ती के विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री बक्ता बाबा मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी।

बैठक में आयोजन समिति के अध्यक्ष बंसीलाल पटेल की अध्यक्षता में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यक्रम के संयोजक राधेश्याम सोलंकी तथा संरक्षक शिवलाल डीडवानिया बनाए गए।

इस अवसर पर तेली समाज के वरिष्ठ पंच रामसुख तेली, देवीलाल तेली, तेली महासभा युवा जिला अध्यक्ष प्यारेलाल तेली, सांवरमल तेली, श्यामलाल खींची, अंबालाल पटेल, हजारीलाल सोलंकी, रामपाल खोईवाल, पुरुषोत्तम पटेल, किशन अग्रवाल, समाजसेवी शिवलाल तेली, मुकेश कोली, कैलाशचंद्र पटेल, लक्ष्मीनारायण डीडवानिया, ज्ञानमल तेली, मथुरालाल तेली, शोभालाल डीडवानिया, लादूलाल, श्यामलाल, बसंतीलाल पटेल, किशन खोईवाल एवं जसवंत कोली सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। समिति में उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल, कोषाध्यक्ष ईश्वर पटेल तथा महिला मंडल मातृशक्ति से रेखा डीडवानिया, आशा खोईवाल और आशा पटेल भी मौजूद रहीं। बैठक में बड़ी संख्या में सर्व समाज के बंधुओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## करेड़ा में संघ के शताब्दी वर्ष पर 1 फरवरी को 'विराट हिंदू सम्मेलन'



### शंकर लाल ओझा बने अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल|करेडा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर करेड़ा मंडल में भव्य 'विराट हिंदू सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की पूर्व तैयारियों और रूपरेखा तय करने हेतु आज पंचमुखी बालाजी के प्रांगण में हिंदू समाज के प्रमुख जनों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 1 फरवरी को करेड़ा में प्रस्तावित विराट हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई और सर्वसम्मति से आयोजन समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया।सर्वसम्मति से घोषित कार्यकारिणी में अध्यक्ष शंकर लाल ओझा , संयोजक कैलाश चंद्र कालिया, संरक्षक इंद्र सिंह चुंडावत, (पूर्व सरपंच, करेड़ा) ओमप्रकाश झंवर, जगदीश चंद्र, पोरवाल, उपाध्यक्ष मथुरा लाल खटीक, भंवर लाल रेगर, घासीराम तेली, (अमरपुरा) गिरधारी लाल गुर्जर (अजीतपुरा), दिनेश कुमार शर्मा (रेह), कोषाध्यक्ष गोपाल लाल माली, सूचना प्रसारण (प्रवक्ता) राजेंद्र कुमार तिवारी, बैठक के अंत में नवनिर्वाचित प्रवक्ता राजेंद्र कुमार तिवारी ने जानकारी दी कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित यह सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने 1 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया और समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## जिला स्तरीय स्किल प्रदर्शनी में छाया मॉडल स्कूल पोटलां प्रथम

स्मार्ट हलचल|पोटलां

व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता को बरकरार रखते हुए स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल पोटलां ने जिला स्तर पर एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पीएम श्री रा.उ.मा. वि. माण्डल में आयोजित जिला स्तरीय 'स्किल एग्जीबिशन कम कम्पीटिशन 2025-26' में मॉडल स्कूल पोटलां के दबदबे के बीच विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र प्रवीण रेगर ने समूचे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है.

संस्था प्रधान श्री नवरत्न मल बैरवा ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषद के निर्देशों के क्रम में मॉडल स्कूल पोटलां सदैव नवाचारों



और व्यावसायिक कौशल को प्राथमिकता देता आया है। इसी कड़ी में विद्यालय के छात्र प्रवीण रेगर ने प्रभारी शिक्षक श्री वीरेंद्र सिंह राठौड़ के कुशल मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भाग लिया. प्रवीण ने अपनी कल्पनाशीलता और तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए एक ऐसा उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया जिसने निर्णायक मंडल का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्र के मॉडल को बेहद कड़े मानकों पर परखा गया, जिसमें मौलिक विचार (30 अंक), व्यावहारिक उपयोगिता एवं स्थायित्व (30 अंक) और वर्किंग मॉडल का प्रस्तुतीकरण (40 अंक) जैसे कुल 100 अंकों के आधार पर प्रवीण ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया.

छात्र के साथ उपस्थित प्रभारी शिक्षक श्री वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रवीण का मॉडल न केवल वर्किंग था, बल्कि वह परिषद के मापदंडों के अनुसार कम लागत वाला (मितव्ययी), सुवाह्य और टिकाऊ भी था. जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद अब प्रवीण रेगर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले की ओर से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. विद्यालय की इस बड़ी कामयाबी पर संस्था प्रधान श्री नवरत्न बैरवा, प्रभारी शिक्षक श्री वीरेंद्र सिंह राठौड़ सहित समस्त स्टाफ और क्षेत्रवासियों ने हर्ष जताते हुए छात्र को बधाई दी है।

## शाहपुरा में शहीद हेमू कालानी की पूर्व संध्या पर दीपदान, आज रोगियों की सेवा



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** अमर शहीद हेमू कालानी के 83वें बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार देर सायं रामनगर सिंधी कॉलोनी स्थित हेमू कालानी स्मारक पर भावपूर्ण दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा के अध्यक्ष मोहन लखपतानी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर समाजजनों ने शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किए और उनके बलिदान को नमन किया। आयोजन में देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिला।


कार्यक्रम के दौरान जानकारी दी गई कि बुधवार को प्रातः 10 बजे स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात जिला चिकित्सालय में रोगियों की सेवा करते हुए उन्हें बिस्किट वितरण किया जाएगा।

वक्ताओं ने कहा कि हेमू कालानी देश के ऐसे वीर सपूत थे जिन्होंने अत्यंत कम आयु में राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं से शहीद हेमू कालानी के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।दीपदान कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय, देश के शहीद अमर रहें, हेमू तेरा यह बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। इस अवसर पर सिंधी पंचायत के चेतन चंचलानी, मोहन केवलानी, अशोक थानवानी, मूलचन्द पेसवानी, पं. राजेंद्र शुक्ला, अनंत चौबे, सच्चिदानंद टेलर, सुमित पारीक सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

## भगवान श्री देवनारायण जी के 1114 वां अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में शोभायात्रा

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कस्बे में कोटा-चित्तौड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर स्थित धार्मिक मंदिर भगवान बिहारी नाथ देवनारायण की बनी में हर साल की तरह इस साल भी भगवान श्री देवनारायण जी के 1114 वां अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में 23 जनवरी शुक्रवार को देवनारायण भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो शोभायात्रा देवनारायण मंदिर परिसर से समय प्रातः 11:00 बजे से शुरू होकर लाडपुरा चौराहा, माली मोहल्ला, चार भुजा मंदिर चौक छोटा मंदिर, बालाजी मंदिर, लाडपुरा बस स्टैंड, एवं मुख्य मार्गों से होते पुनः देवनारायण मंदिर परिसर



पहुंचेगी। शुक्रवार रात्रि जागरण एवं भजन संध्या में कलाकार सुश्री दुर्गा मीणा (मंडल) एवं बगड़ावत कथा का आयोजन होगा। देवनारायण मंदिर विकास कमेटी ने बताया कि शनिवार दोपहर 3 बजे 3 क्विंटल चावल दाल से बना महाप्रसादी भोग लगा भक्त जनों को वितरण किया जायेगा।

## झूलेलाल मन्दिर नाथद्वारा सराय में आस्था से मनाया मांघ चण्ड का उत्सव

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

मंगलवार शाम को स्थानीय नाथद्वारा सराय स्थित दादा हेमराजमल भगत झूलेलाल सनातन मन्दिर में सिंधी समाज द्वारा अपने पारंपरिक मांघ के मासिक चंड्र का उत्सव पूर्ण विधि-विधान व आस्था, श्रद्धा और हर्षोल्लास से मनाया।

सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि इस अवसर पर महंत टेऊंराम भगत के सानिध्य में भगवान झूलेलाल की पंजडों-भजनों सहित विभिन्न गीतों व संगीत, पुष्प वर्षा व आकर्षक नृत्य व छेज से आराधना की गई। इस दौरान उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने



आकर्षक नृत्य व भगवान झूलेलाल के गगनभेदी जयकारों से वातावरण को भक्ति मय कर दिया।

बाद में उपस्थित सभी समाजजनों व शेवाधारियों ने आरती कर पल्लव अरदास कर देश व सिंधी समाज की खुशहाली की कामना की।

अंत में ताहिंरी-कुहर, रां-हलवा, अनार, कीनू, केला व विभिन्न फलों का हथ प्रसादी वितरित किया गया।

इस दौरान दादा हेमराजमल साहब सेवा समिति के संस्थाध्यक्ष गुलशनकुमार विधानी, रामचंद्र खोतानी, भगवंती भगत, महेश खोतानी, हरीशकुमार सखरानी, कालू भगत, चीजन फतनानी, सीमा भगत, ताराचंद ओड़वानी, अशोक केवलानी, आसुदा भगत, कमल वैशनानी, धर्मू गुरनानी, हेमंत भगत, दिव्या भगत, नानक राम जेठानी, हार्दिक विधानी, कोमल चावला, रूकी दादी, नवीन भगत, सतीश मोनानी, हेमंत धनवानी सहित सैंकडों भक्त उपस्थित थे।

## सरपंच संघ जिलाध्यक्ष साहू ने की सीएम से मुलाकात, सरपंचों की समस्याओं से करवाया अवगत



स्मार्ट हलचल|ओम जैन

**शंभूपुरा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ संवाद कार्यक्रम में जिले के सरपंचों का प्रतिनिधित्व करते हुए सरपंच संघ जिलाध्यक्ष गणेश लाल साहू ने भाग लिया।

जिलाध्यक्ष साहू ने बताया कि सीएम के साथ संवाद कार्यक्रम बहुत अच्छा रहा इसमें कई मुद्दों पर सकारात्मक बात हुई, और हमारी हर बात को मुख्यमंत्री ने गौर से सुना, लगभग 3 घंटे तक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हमारे साथ रहे।

साहू ने बताया कि संभाग वाइज सरपंच साथियों ने मुद्दे रखे और हमारे प्रदेश के पदाधिकारी ने भी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जिसके जल्द ही अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

नरेगा सामग्री का भुगतान भी होगा इसके लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से खुद मुख्यमंत्री ने बात की है, राज्य वित्त आयोग की एक किस्त जल्द आने की पूरी संभावना है।

जिलाध्यक्ष गणेश लाल साहू ने बताया कि जयपुर आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की ग्राम पंचायत में आ रही समस्याओं से अवगत कराया और पंचायती राज को कैसे मजबूत बनाया जाए उस पर चर्चा हुई, जिस पर मुख्यमंत्री ने सरपंचों को आ रही समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया।

## उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक सैफई के शाखा प्रतिनिधि के लिए 4 नामांकन पत्र दाखिल

स्मार्ट हलचल|सैफई (इटावा)

सैफई विकास खंड में आज उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक सैफई शाखा के प्रतिनिधि के लिए नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। भाजपा समर्थित प्रत्याशियों द्वारा नामांकन करने को लेकर ब्लॉक में राजनीतिक सरगर्मी देखने को मिली।

सपा समर्थित रविन्द्र व देवेंद्र का नामांकन कराने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विधायक शिवपाल सिंह यादव 12 बजे पहुँचे और नामांकन दाखिल कराया।

लगभग 12 :30 बजे भाजपा समर्थित सदस्यों के निर्वाचन कराने के लिए पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य तथा भाजपा नेता अजय यादव सैफई पहुंचे।और सुमेर सिंह व लाखन सिंह का नामांकन कराया।चारों प्रत्याशी ने निर्वाचन अधिकारी विनय



कुमार व सहायक निर्वाचन अधिकारी राम अवतार के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया । नामांकन प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। थाना अध्यक्ष सैफई भूपेंद्र सिंह राठी थानाध्यक्ष बसरेहर सौरभ सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। नामांकन स्थल व आसपास के क्षेत्रों में पुलिसकर्मी मुस्तैद नजर आए, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सका। कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के सदस्यों का यह नामांकन राजनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों प्रमुख दलों की सक्रियता से यह स्पष्ट हो गया कि सहकारी संस्थाओं में प्रतिनिधित्व को लेकर आगामी दिनों में राजनीतिक गतिविधियां और तेज हो सकती हैं। प्रशासन की सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था के चलते नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई।

इस मौके पर सपा के विधान सभा अध्यक्ष राम नरेश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष शाक्य, भाजपा के जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, विवेक शाक्य, मंडल अध्यक्ष अजय यादव विंदु, संजय मिश्रा, असनीत यादव, अवनीश जाटव, आदि मौजूद रहे।

## अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने सैकड़ों समर्थकों के साथ डोटासरा व जूली का स्वागत

स्मार्ट हलचल

**हिंडौन सिटी।** कटकड़ मोड़ पर विशाल किसान आम जन सभा में जाते समय राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का हिंडौन सिटी मे पहली बार आने पर अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष अब्दुल मुगनी खान के नेतृत्व में ईदगाह गेट हिंडौन सिटी पर समस्त मुस्लिम समाज की ओर से स्वागत व अभिनन्दन किया गया। हिंडौन शहर वक्फ कमेटी के सदर बब्बू भाई, सेक्रेटरी भीकम, सचिव सोनू हाड़ौली, सदस्य रफीक खान, सदस्य लाल चौधरी ने वक्फ संपत्तियों की समस्याओं के बारे में अवगत कराया ।

इस मौके पर मुफीद कटकड़, शहजाद खान, मिस्टर राजस्थान अरशद कुरैशी, अजहर काजी, अजीम खान चिनायटा, यूसुफ पठान, नगीन कुरैशी, आजाद खलीफा, जहीर खान, रफीक बालघाट, शकील नेता बालघाट, बबलू, मुस्तकीम, आरिफ पठान, रशीद भाई, सहिद खलीफा, शकील भाई, फजले खान सूरौठ, अंसार चौधरी, बाल्ला भाई, तौफीक खान, आदि समस्त मुस्लिम समाज गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खेल स्टेडियम निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग को लेकर खेल प्रेमियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**हिंडौन।** शहर में खेल स्टेडियम निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग को लेकर आज विभिन्न खेल संगठनों के पदाधिकरियों, खिलाडियों और खेलप्रेमियों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में 4 वर्ष पूर्व हिंडौन के जाट का तालाब के पास स्थित भूमि पर खेल स्टेडियम स्वीकृत होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू करवाने को लेकर उपखंड अधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की गई।

गौरतलब है कि करौली जिला खेल अधिकारी और हिंडौन के सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों में आपसी तालमेल की कमी और लापरवाही के चलते खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है।



ज्ञापन के दौरान ही उपखंड अधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए दोनों विभागों के अधिकारियों से फोन पर आपसी सामंजस्य के साथ शीघ्र खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू करने हेतु निर्देश भी दिए।

उपखण्ड अधिकारी हेमराज गुर्जर को ज्ञापन देने वालों में पूर्व उपसभापति नफीस अहमद के साथ जिला बेसबॉल संघ के सचिव गोपाल सिंह बेनीवाल, रिटायर्ड उपजिला शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल शाक्यवार, रिटायर्ड शारीरिक शिक्षक केदार लवानिया, जिला सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष व राष्ट्रीय अंपायर देवीसहाय शर्मा, पूर्व क्रिकेटर महेश सोनी, बॉडीबिल्डर अजीत सूरोठिया, मिस्टर राजस्थान अरशद कुरैशी, सॉफ्टबॉल संघ के विजय शर्मा, बबली सोलंकी, पूर्व क्रिकेटर राजीव चतुर्वेदी, वीरेंद्र बाजना, बैडमिंटन प्लेयर मुकेश धाकड़,राजीव गोयल, भुवनेश गोयल, खेल प्रेमी रफीक चौधरी, अजीत कुमार, राजेश तिवारी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पुलिस की लापरवाही से तीसरे दिन हुआ हत्या की शिकार विवाहिता का पोस्टमार्टम

स्मार्ट हलचल



**कानपुर।** पुलिस की लापरवाही अब उन लोगों को भी भारी पड़ रही है ,जिनके परिजन हत्या के रूप में मौत का शिकार बन चुके हैं। जिसका ज्वलंत उदाहरण है महाराजपुर में अवैध संबंधों के शक में हत्या का शिकार बनाई गई विवाहिता का मामला। उसके शव का पोस्टमार्टम घटना के तीन दिन बाद आज सोमवार को किया गया। उसकी तीन दिन पहले उसके पति ने गला दबाकर हत्या कर दी थी।

कुल मिलाकर हत्या के इस मामले में मामले में पुलिस की एक बड़ी लापरवाही देखने को मिली। घटना के तीसरे दिन पुलिस ने मृतका श्वेता का पोस्टमार्टम कराया, इस दौरान बॉडी डिकंपोज होने लगी।

जानकारी देते हुए मृतका के चचेरे भाई आशीष सिंह ने बताया कि उन्होंने पुलिस से पंचायतनामा भरने की बात कही, तो पुलिस ने शहर में वीआईपी मूवमेंट में हवाला दिया और रविवार देर शाम पंचायतनामा भरकर भेजा, लेकिन देर होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं सका ,जिससे परिजन पूरे दिन भटकते रहे। इस दौरान गाजीपुर के मोहनपुर गांव निवासी श्वेता की मां ऊषा देवी ने कहा कि हत्यारोपी सचिन झूठ बोल रहा था कि बेटी के साथ कमरे में लड़के मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सचिन व उसके परिजन दहेज में 10 लाख रुपए की मांग करते थे। दहेज न देने पर सचिन ने परिजनों के साथ मिलकर बेटी को मौत के घाट उतार दिया। ऊषा ने बताया कि सचिन उनकी बेटी को खाने तक के लिए मोहताज रखता था। मृतका की मां ने बिलखते हुए बताया कि बेटी चोरी छिपे उन्हें इंस्टाग्राम के जरिए कॉल करती थी। दामाद सचिन हम लोगों से बात करने को मना करता था, 10 जनवरी को बेटी से बात करने पर सचिन ने श्वेता की बेरहमी से पिटाई की थी।

याद रहे की 3 दिन पहले अवैध संबंधों में शक में सचिन ने पत्नी श्वेता की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पत्नी की हत्या की इस घटना को अंजाम देने के बाद उसने महाराजपुर थाने में आत्म समर्पण भी कर दिया था, जिसके बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। घटना वाले दिन सचिन ने पुलिस को जो बयान दिया था। उसके मुताबिक उसने अपनी पत्नी श्वेता को दो लड़कों के साथ चारपाई पर बैठे हुए देखा थाजिसको लेकर ही विवाद होने के बाद उसने इस घटना को अंजाम दिया था।

# गुरु माँ विशुद्धमति माताजी चंदन वृक्ष समान, जिनकी सुगंध दूर-दूर तक

## 77 वर्षों की तप-साधना का उत्सव, कोटा में धर्ममय हुआ वातावरण

### ब्रह्म मुहूर्त में सहस्त्रनाम आराधना से शुभारंभ, विशुद्ध आशीष श्रृंखला में गुरु माँ का विशेष आशीर्वाद

स्मार्ट हलचल|कोटा



परम पूज्य समाधिस्थ आचार्य श्री निर्मलसागर जी महाराज की सुशिष्या, भारत गौरव, सिद्धांत रत्न, सर्वाधिक दीक्षा प्रदात्री गुरुमाँ गणिनी आर्यिका 105 श्री विशुद्धमति माताजी के 77वें अवतरण दिवस महामहोत्सव के दूसरे दिन रात्रि 02:35 बजे बिन सहस्त्रनाम आराधना से प्रारंभ हुआ। महामंत्री प्रकाश सामरिया ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त 3.15 मिनट में सुप्रभात वंदनाम, 3.30 पर आशीवार्द कक्ष का उद्घाटन किया गया।ब्रह्म मुहूर्त में 3.45 पर मंगल कलश स्थापना, दीप प्रवज्वलन, व रजत अर्घ सर्मपण किए गए। प्रात 4.15 बजे गुरुमाँ गणिनी आर्यिका 105 श्री विशुद्धमति माताजी के विशुद्ध आशीष श्रृंखला का शुभारंभ हुआ, देशभर से आए कोटा पहुंचे भक्तो को गुरूमां ने विशेष आशीर्वाद दिया।जिन अभिषेक एवं शांतिधारा के बाद मां विशुद्धमति पूजन रजत साम्रगी से तलवंडी मंदिर में पूर्ण किया गया।

#### शोभायात्रा में 25 संघ एक साथ

अध्यक्ष अशोक पहाडिया ने बताया कि दोपहर 12 बजे भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। गुरूमां सहित 25 पिच्छीका एक साथ शोभायात्रा में शामिल रही।परम पूज्य गणिनी आर्यिका श्री 105 विशुद्धमति माताजी के साथ ब्रह्मविद्या वाचस्पति, प्रज्ञा पद्मिनी करुणामूर्ति पट्टगणिनी आर्यिकारत्न 105 श्री विज्ञमति माताजी ससंघ तथा परम पूज्य गणिनी आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी एवं 105 विनयश्री माताजी (ससंघ) के पावन ससंघ शोभायात्रा मे साथ रही। शोभायात्रा तलवंडी जैन मंदिर से प्रारंभ होकर, कपिल मेडिकल होते हुए तलवंडी चौराहे, सुविनेत्र चिकित्सालय के समक्ष से होती हुई जवाहर नगर स्थित सत्यार्थ एलन परिसर में पहुंची। बैडबाजो के साथ शोभायात्रा में श्रावकगण जवाहर नगर सत्यार्थ पहुची। महिलाएं लाल व पीली साडी व पुरूष श्वेत कपडे में जिनधर्म का पताका हाथ में लिए गुरूमां की जयकारो के साथ आगे बढ़ रहे थे।

#### यह रहे पुण्यजार्क

विशुद्धमति माताजी के 77वें अवतरण दिवस महामहोत्सव पादपक्षालन का सौभाग्य अशोक–सुनिता पाटनी, पि च्छीका भेंट करने का सौभाग्य संघपति मोहनलाल जैन, कैलाश–किरण जैन खेडावाला, शास्त्र भेंट सुरेशचंद, मनोज–मैना, वस्त्र भेंट मैना, संदीप, अंजु कासलीवाल, विशेष पुण्यार्थी बाबूलाल–निर्मला, महावीर–सोनम लोंग्या, ऋषभ प्राची, संघपति देवेन्द्र–उर्मिला टोंग्या, पदमचंद–सीता जैन, महाआरती के सौभाग्य शाली इंद्रध्वज जैन आदि रहे।

#### विनयांजलि से किया गुरु माँ को नमन

शोभायात्रा जब सत्यार्थ एलन परिसर पहुँची, तो वहाँ उपस्थित जनसमूह की श्रद्धा सभा में परिवर्तित हो गई। इस अवसर पर गणिनी आर्यिका विभाश्री गुरु मां ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि वैद्य, वकील और साधु–जितने अधिक पुराने होते हैं, उतने ही अधिक अनुभवी, परिपक्व और समाज के लिए उपयोगी बनते हैं। अनुभव ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

77 वर्षों के तप, साधना और अनुभव से संघ का कुशल संचालन कर रहीं विशुद्धमति माता जी ने कहा कि पंचमकाल में संघ का संचालन करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण है। इसे वही समझ सकता है, जो इस उत्तरदायित्व को पूरी निष्ठा और संयम के साथ निभा रहा हो।

माता जी ने भावुक शब्दों में कहा–एक-एक कर 77 वर्ष का समय बीत गया। हम जीवन में एक-दूसरे से इस प्रकार मिलें कि जब भगवान से मिलन हो, तो वह मिलन पूर्णता को प्राप्त करे।

पट्टगणिनी आर्यिकारत्न 105 श्री विज्ञमति माताजी एवं 105 विनयश्री माताजी ने अपनी विनयांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कीमती वस्तु का महत्व समय के साथ कम नहीं होता। जैसे कटी या मुड़ी हुई मुद्रा भी अपना मूल्य बनाए रखती है, उसी प्रकार गुरु मां का महत्व और प्रभाव भी सदैव अक्षुण्ण रहता है। उन्होंने गुरु मां की तुलना चंदन के वृक्ष से करते हुए कहा कि जैसे-जैसे उनका अनुभव और साधना बढ़ रही है, उनकी सुगंध देश-विदेश तक समाज को सुवासित कर रही है। इस अवसर पर सकल समाज अध्यक्ष प्रकाश बज, जे.के. जैन, समिति अध्यक्ष अशोक पहाड़िया, प्रकाश समारिया, मनोज जैसवाल, विकास पाटोदी, राजकुमार लुहाड़िया, राजेश मंगलम, राजेश बरमुंडा, संदीप सेठी, सुदर्शन जैन, चिराग जैन, विकास पाटौदी, सुरेश बरमुंडा, विमल लुहाडिया, पदम सेठी सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।

# श्री जैन दिवाकर महिला मंडल सैंथी ने जिला जैल में भेंट किया वाटरकूलर



स्मार्ट हलचल|ओम जैन

**शंभूपुरा।** श्री जैन दिवाकर महिला मंडल सैंथी के द्वारा जीव दया व मानव सेवा के कई कार्य समय-समय परकिए जाते हैं। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए बसंत पंचमी वह 26 जनवरी के पूर्व एक और पुनीत कार्य किया गया।


मंडल अध्यक्ष सरोज नाहर के नेतृत्व में चित्तौड़गढ़ जिला कारागृह में बंदियों को शुद्ध व ठंडा जल मिले इस हेतु एक वाटर कूलर लगाया गया।

मंत्री रेखा जारोली ने बताया कि कारागृह अधीक्षक नरेंद्र कुमार स्वामी, कनिष्ठ सहायक राकेश छिपा, जेलर बिना मीणा, प्रहरी संदीप, ओगड़ राम व सोनू छिपा ने मंडल का इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

कोषाध्यक्ष भावना कोठारी, संघ अध्यक्ष अनिल पोखरणा, लक्ष्मी लाल चंडालिया, दिलखुश खेरोदिया, मंजू मेहता, संगीता सिरोया, निर्मला कर्णावट, गरिमा डूंगरवाल, शांता बड़ाला, आशा कोठारी, कंचन संचेती, लक्षिता कर्णावत आदि बहनों का सहयोग रहा।

# अधिवक्ता मनोज आहूजा का स्वर्णिम जन्मदिन बनेगा सेवा और समाज कल्याण का संदेश

स्मार्ट हलचल |बांदनवाड़ा/केकड़ी



जब अधिकतर लोग जन्मदिन को केवल केक और समारोह तक सीमित रखते हैं, तब अधिवक्ता मनोज कुमार आहूजा ने अपने जीवन के 50वें वर्ष में कदम रखते ही समाज के लिए एक मिसाल पेश की है। अपने स्वर्णिम जन्मदिन पर उन्होंने इसे जरूरतमंदों और बेसहारा पशुओं की सेवा के रूप में समर्पित करने की घोषणा की है।

जानकारी के अनुसार, जन्मदिन के अवसर पर गौ-सेवा, निर्धनों को कंबल वितरण, जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस सेवा पहल को लेकर अधिवक्ता जगत और आमजन में उत्साह देखा जा रहा है।

मनोज आहूजा का कहना है, 'जीवन की असली खुशी दूसरों के काम आने में है। अगर मेरे जन्मदिन से किसी बच्चे को गर्म कपड़े मिलें, किसी मरीज को थोड़ी राहत मिले और किसी बेसहारा पशु की सेवा हो सके, तो इससे बड़ा उत्सव मेरे लिए कोई नहीं। '

सेवा कार्यक्रमों के पश्चात स्नेहभोज और अभिनन्दन समारोह का आयोजन 20 जनवरी 2026, मंगलवार को सायं 4:15 बजे केकड़ाधीश बालाजी मंदिर, केकड़ी में किया जाएगा। इस अवसर पर अधिवक्ता साथियों, मित्रों और क्षेत्रवासियों के शामिल होने की अपेक्षा की जा रही है।

क्षेत्र के सामाजिक संगठनों ने मनोज आहूजा के इस कदम की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश बताया है।

# श्री श्रीयादे माता जयंती बांदनवाड़ा में धूमधाम से मनाई

## प्रजापति युवा शक्ति मंडल सर्कल बाल

स्मार्ट हलचल



**बांदनवाड़ा अजमेर।** बांदनवाड़ा के तत्वाधान में श्रीयादे माता जयंती शोभायात्रा प्रातः 8 :00 बजे पूर्व सरपंच वीरेंद्र सिंह राठौड़ समाजसेवी भंवर सिंह राठौड़ प्रभु रिलेनिया की उपस्थिति में पूर्ण विधि विधान से पूजन अर्चन कर शोभायात्रा तेजाजी धाम मंदिर से प्रारंभ हुई।

मशक एवं डीजे की स्वर लहरियों के साथ नृत्य करते हुए प्रजापति समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। महामंत्री शिव प्रकाश लुनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा के उपरांत सामूहिक बैठक में भामाशाहों का सम्मान किया गया एवं प्रजापति समाज सुधार हेतु चर्चा की गई।

इस अवसर पर सर्कल के गांव किटॉ प कुमारिया खेड़ी दांता न्यारा आदि गांवों के समाज बंधुओ सहित अध्यक्ष नाथूलाल सुरेश रामराज नवरात र सत्यनारायण लूनिया संजय राधा कृष्ण सत्यनारायण अशोक भागचंद विकास प्रकाश सांवरा गिरधारी आदि उपस्थित रहे।

## लापरवाह प्रशासन, गैरजिम्मेदाराना जवाब

# आधी रात को रोडवेज बस खराब हुई तो जवाब आया पैसे रिटर्न कर दो

स्मार्ट हलचल|ओम जैन



**शंभूपुरा।** चित्तौड़गढ़ रोडवेज डिप्पो से रविवार शाम करीब 8 बजे एक बस जयपुर के लिए वाया केकड़ी देवली रवाना हुई जो रास्ते मे खराब हो गई, बस का खराब हो जाना तो समझ आता है लेकिन रोडवेज प्रबंधन का गैरजिम्मेदाराना जवाब की सवारियां उतारकर पैसे रिटर्न कर दो यह बात कहना किसी के भी समझ से परे थी।

जानकारी के अनुसार चित्तौड़गढ़ रोडवेज डिपो की बस गाड़ी 7250 जो कि चित्तौड़गढ़ से जयपुर जा रही थी तो इस दौरान लाडपुरा के पास ब्रेकडाउन हो गई, कन्डेक्टर, चालक ओर सवारियों द्वारा कई बार चित्तौड़गढ़ रोडवेज डिपो से सम्पर्क करने के लिए फोन किये लेकिन किसी ने नही उठाये, फिर कंट्रोल रूम जयपुर फोन किया ओर मदद मांगी तो जवाब आया की सवारियां उतार दो और पैसे रिटर्न कर दो, इस जवाब ने ना सिर्फ कन्डेक्टर को अचंभित किया बल्कि बस में सवार महिलाओं सवारियां सख्ते में आ गई।

जिसके बाद बड़ी मशक्कत के बाद करीब 1घण्टा इंतजार किया तो भीलवाड़ा प्लाइंग मौके पर पहुंची, अन्य बस को व्यवस्था की ओर सवारियां 3 बसे बदलते हुए जयपुर पहुंची। बस में सवार महिला यात्रियों ने रोडवेज डिपो चित्तौड़गढ़ ओर कंट्रोल रूम जयपुर के इस तरह के गैरजिम्मेदाराना रवैये पर रोष जताया।

# गुरु सेवा संघ परिवार का नववर्ष मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

## गुरु सेवा संघ की नवीन कार्यकारिणी ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

### विनोद कुमार सिंघल अध्यक्ष, मनीष सेठी महामंत्री नियुक्त

स्मार्ट हलचल|कोटा



गुरु सेवा संघ परिवार, रिद्धि सिद्धि नगर, कुन्हाड़ी द्वारा नववर्ष 2026 के अवसर पर नववर्ष मिलन समारोह एवं नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रामनगर पत्थर मंडी स्थित फार्म हाउस में आयोजित किया गया।

मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा ने बताया कि गुरु सेवा संघ परिवार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद कुमार सिंघल ने अध्यक्ष पद , जबकि मनीष सेठी को महामंत्री एवं नितेश खटोड को कोषाध्यक्ष पद की शपथ सकल जैन समाज के कार्याध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश जैनेन्द्र कुमार जैन द्वारा सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश जिंदल, जिला महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी ने नवीन कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए संगठन को सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष विनोद कुमार सिंघल ने उपस्थित अतिथियों एवं सकल जैन समाज के पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। रिद्धि सिद्धि जैन मंदिर के प्रवक्ता संजय लुहाडिया ने गुरु सेवा संघ परिवार की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी।

समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा, बालिता महावीर सुवालका, अग्रवाल समिति के अध्यक्ष अनुप कुमार सिंघल, सकल जैन समाज के कार्याध्यक्ष मनोज जेसवाल, पारस सोगानी, मनोज आदीनाथ, हेमन्त पाटोदी, ताराचंद बडला, महामंत्री पदम बडला सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी पंकज खटोड, पारस कासलीवाल, पारस लुहाडिया, मनोज सेठी, राजकुमार पाटनी एवं निर्मल अजमेरा का सराहनीय सहयोग रहा।

## भवानी मंडी पुलिस की महिला तस्करों के खिलाफ लगातार दूसरी कार्रवाई

# दो महिला तस्कर 11 किलो 420 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा सहित गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल



**भवानी मंडी।** भवानी मंडी पुलिस ने महिला तस्करों के खिलाफ लगातार दूसरी कार्रवाई करते हुए दो महिला तस्करों को 11 किलो 420 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा सहित गिरफ्तार किया भवानी मंडी पुलिस उप अधीक्षक प्रेम कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तथा अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा के निर्देशन अनुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान छेड़ा हुआ है जिसके तहत भवानी मंडी पुलिस थाना अधिकारी प्रमोद कुमार मय पुलिस जाप्ता के अवैध कार्यों की चेकिंग एवं रोकथाम हेतु दौरान गस्त छतरपुरा थाना भवानी मंडी से दो महिलाएं मनजीत कौर पत्नी गुरमीत सिंह तथा मनजीत कौर पत्नी टहल सिंह को डिटेन पर डिटेन शुदा महिला की महिला पुलिस पुलिसकर्मी द्वारा तलाशी लेने पर उनके पास 11 किलो 420 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद हुआ दोनों महिलाओं के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया आरोपी महिलाएं मनजीत कौर पत्नी गुरमीत सिंह जाति राय सिख उम्र 40 साल निवासी शेरपुर ताइवान पुलिस थाना धर्मकोट जिला मोगा पंजाब तथा दूसरी महिला मनजीत कौर पत्नी टहल सिंह जाति राय सिख उम्र 44 वर्ष निवासी शेरपुर ताइवान पुलिस थाना धर्मकोट जिला मोगा पंजाब दोनों को गिरफ्तार कर लिया है डीवाईएसपी प्रेम कुमार ने बताया कि भवानी मंडी की पुलिस टीम में थाना अधिकारी प्रमोद कुमार. सहायक उप निरीक्षक सुगन मैहर. कांस्टेबल सत्यव्रत आर्य .महेश कुमार दिनेश कुमार .हरिराम महिला कांस्टेबल मिनता आदि शामिल थे प्रेम कुमार ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करी कार्रवाई में सत्यव्रत आर्य कांस्टेबल आरपीएफ रामगंज मंडी का भी सहयोग रहा है।

# चार चोमा महाशिवरात्रि मेले को लेकर ग्राम पंचायत की बैठक सम्पन्न



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** ग्राम पंचायत चोमा मालियान में प्रशासक अध्यक्ष उच्छमा मीणा की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित होने वाले चार चोमा के प्रसिद्ध सोरती मेले को लेकर कोरम की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी मेले की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष महाशिवरात्रि मेला 15 फरवरी से 24 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान लाखों श्रद्धालु महाशिवरात्रि मेले में भाग लेकर श्री चौमेश्वर महादेव के दर्शन करेंगे। यह मेला हाड़ौती अंचल का एक प्रमुख एवं प्रसिद्ध मेला है, जिसे हाड़ौती क्षेत्र में सोरती मेले के नाम से जाना जाता है।

चार चोमा में हाड़ौती का सबसे प्राचीन शिव मंदिर स्थित है, जहाँ चौमुखी शिव प्रतिमा स्थापित है। यह प्रतिमा अपने आप में अद्भुत मानी जाती है और मान्यता है कि इसके दर्शन मात्र से भक्तों की सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। बैठक में ग्राम विकास अधिकारी ने जानकारी दी कि मेले के सफल एवं सुचारू आयोजन हेतु सभी उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा, ताकि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। इस अवसर पर कोरम सदस्य मनोज मीणा, ब्रजमोहन मीणा, मुकट बिहारी मेघवाल, धन्नालाल मेघवाल, रेखा सुमन, कौशल्या मेहरा एवं श्याम सुंदर वैष्णव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पिक्सल्स ने बदली पावर इंडस्ट्री की परिभाषा: 'न्यू एज फैक्ट्री' में आयोजित हाड़ौती डीलर कॉन्फ्रेंस में जुटे 120 से अधिक डीलर्स

स्मार्ट हलचल|कोटा



राजस्थान 7 19 जनवरी, 2026 – पावर इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में तेजी से उभरते हुए ब्रांड 'पिक्सल्स' ने 17 जनवरी 2026 को अपनी अत्याधुनिक 'न्यू एज फैक्ट्री' में हाड़ौती डीलर कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया। इस सम्मेलन में हाड़ौती क्षेत्र के 120 से अधिक डीलर्स ने हिस्सा लिया। यह आयोजन पिक्सल्स के आगामी वर्षों में एक 'पैन-इंडिया हाउसहोल्ड ब्रांड' बनने के संकल्प की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर साबित हुआ।

#### नयी पीढ़ी का नेतृत्व और डिजिटल क्रांति

कॉन्फ्रेंस में कंपनी के भविष्य की नई दिशा को रेखांकित किया गया, जिसमें कंपनी की अगली पीढ़ी–आयुष बाफना और अमन बाफना के कार्यभार संभालने की घोषणा की गई। उनके नेतृत्व में पिक्सल्स ने एक डिजिटल क्रांति का आगाज़ किया है। अब पूरी कंपनी एक अत्यधिक परिष्कृत आईटी सिस्टम पर चलती है और पूरी तरह से 'डेटा-ड्रिवन' वर्किंग कल्चर को अपना चुकी है, जिससे पारदर्शिता और कार्यक्षमता में भारी वृद्धि हुई है।

#### मैन्युफैक्चरिंग में आधुनिकता: ऑटोमेशन का कमाल

डीलर्स को पिक्सल्स की 'न्यू एज फैक्ट्री' का भ्रमण कराया गया, जहाँ कंपनी द्वारा ऑटोमेशन में किए गए भारी निवेश की झलक देखने को मिली। फैक्ट्री में सभी प्रक्रियाएं नवीनतम तकनीक के साथ पूरी तरह से ऑटोमेटेड हैं, यह ऑटोमेशन सुनिश्चित करता है कि ग्राहकों तक पहुँचने वाला हर उत्पाद उच्चतम गुणवत्ता और मजबूती का हो।

पिक्सल्स ने इस अवसर पर अपनी तकनीकी बढ़त का प्रदर्शन करते हुए दो बड़े उत्पाद लॉन्च किए:

वॉल-माउंटेड लिथियम-आयन होम यूपीएस: यह नया यूपीएस सामान्य इन्वर्टर-बैटरी सिस्टम की तुलना में 3 गुना अधिक लाइफ है। इसका आधुनिक डिजाइन दीवारों पर आसानी से फिट हो जाता है।

सबसे बड़ी स्टेबलाइजर रेंज: पिक्सल्स ने कई नए स्टेबलाइजर्स भी पेश किए। अब कंपनी के पास पूरे उद्योग में सबसे अधिक स्यह्य (उत्पादों की विविधता) होने का गौरव प्राप्त है।

#### एआई के साथ सर्विस सेक्टर में क्रांति

सम्मेलन का मुख्य आकर्षण पिक्सल्स का नया WhatsApp AI एजेंट रहा। यह एआई एजेंट 24×7 उपलब्ध है और इसकी खासियतें डीलर्स के बीच चर्चा का विषय रहीं:

ग्राहक किसी भी भारतीय भाषा में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। डीलर्स ग्राहकों की जरूरत के अनुसार सही प्रोडक्ट की पहचान तुरंत कर सकते हैं।

डीलर्स ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि एलजी और सैमसंग जैसी दिग्गज कंपनियों के पास भी सर्विस शिकायतों के लिए इतना सरल और 'यूजर-फ्रेंडली' सिस्टम नहीं है।

#### अखिल भारतीय ब्रांड बनने की ओर कदम

पिक्सल्स वर्तमान में 10 राज्यों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। कंपनी का लक्ष्य अगले दो वर्षों में पूरे उत्तर भारत को कवर करना है। अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग, नई पीढ़ी की सोच और सर्विस में एलजी के समावेश के साथ पिक्सल्स अब देश के हर घर का हिस्सा बनने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# रिद्धम शर्मा सर्व ब्राह्मण महासभा के संभागीय अध्यक्ष नियुक्त

स्मार्ट हलचल|कोटा



सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा के निर्देश पर छात्र नेता एवं महासभा के जिलाध्यक्ष रिद्धम शर्मा को युवा प्रकोष्ठ का कोटा संभाग अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गब्बर कटारा द्वारा की गई।

रिद्धम शर्मा पिछले कई वर्षों से सक्रिय छात्र राजनीति से जुड़े हुए हैं और सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी उल्लेखनीय भूमिका रही है। संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रियता और युवाओं के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए महासभा नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

नियुक्ति पर रिद्धम शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गब्बर कटारा एवं संभाग प्रभारी मनीष शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों को धरातल पर उतारने और समाजहित में युवाओं को संगठित करने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे।

# संविधान स्तंभ की स्थापना का इतिहास, मेड़ता रोड की आन बान और शान का प्रतीक

स्मार्ट हलचल | मेडता रोड



एजाज अहमद उस्मानी की क़लम से

मेड़ता रोड स्थित संविधान स्तंभ की स्थापना 29 नवंबर 1949 को मेड़ता रोड के बस स्टैंड स्थित मेला मैदान में की गई थी। यह संविधान स्तंभ मेड़ता रोड की आन बान और शान का प्रतीक बना। यह वही ऐतिहासिक कालखंड था जब भारत का संविधान अपने अंतिम स्वरूप में ढल रहा था और देश स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद एक सशक्त, समावेशी एवं लोकतांत्रिक राष्ट्र के निर्माण की दिशा में अग्रसर था। उस समय देशभर में संविधान को लेकर जन-जन में उत्साह, जागरूकता और राष्ट्रनिर्माण की भावना प्रबल थी।

इस संविधान स्तंभ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को भारतीय संविधान के महत्व से अवगत कराना तथा लोकतंत्र, समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे संविधान के मूल मूल्यों को स्थायी रूप से स्मरण कराना था। यह स्तंभ केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि उस युग की जनचेतना और राष्ट्र के प्रति नागरिक दायित्व का प्रतीक था। यह आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देने के लिए स्थापित किया गया था कि संविधान ही देश की आत्मा है और लोकतंत्र की मजबूती उसकी रक्षा में निहित है।

दुर्भाग्यवश, समय के साथ



इस ऐतिहासिक संविधान स्तंभ की उपेक्षा होती चली गई। मेड़ता रोड की जनता द्वारा इसके चारों ओर अस्थायी केबिन और अतिक्रमण खड़े कर दिए गए, जिससे यह स्तंभ धीरे-धीरे लोगों की नजरों से ओझल हो गया। इतना ही नहीं, इसके आसपास स्थानीय लोगों द्वारा कूड़ा-कचरा डालकर इस स्थान को कूड़ाघर के रूप में उपयोग किया जाने लगा, जिससे इस ऐतिहासिक धरोहर की गरिमा को गंभीर क्षति पहुँची। एक ऐसा स्मारक, जो संविधान और लोकतंत्र के सम्मान का प्रतीक था, उपेक्षा और अव्यवस्था का शिकार बन गया।

हालाँकि, हाल के समय में मेड़ता रोड नगर पालिका अधिकारी अधिशासी हरेंद्र चौधरी द्वारा जिम्मेदारी का परिचय देते हुए इस क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। इससे संविधान स्तंभ को राहत मिली है और वह पुनः दिखाई देने लगा है। यह कदम न केवल प्रशासनिक दृष्टि से सराहनीय है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास भी है।

अब आवश्यकता इस बात की है कि इस संविधान स्तंभ का सौंदर्यीकरण किया जाए, इसके ऐतिहासिक महत्व को दर्शाने वाली सूचना पट्टिकाएँ लगाई जाएँ और आसपास स्वच्छता एवं संरक्षण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, स्थानीय नागरिकों में इसके प्रति जागरूकता पैदा करना भी आवश्यक है, ताकि यह धरोहर भविष्य में फिर कभी उपेक्षा का शिकार न बने।

संविधान स्तंभ केवल पत्थर या संरचना नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों का जीवंत प्रतीक है। इसका संरक्षण करना हम सभी का नैतिक और संवैधानिक दायित्व है।

# सूने मकानों और गांवों में चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश

## दो शातिर चोर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल



**मण्डावर।** क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए मण्डावर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सूने मकानों के ताले तोड़कर नकदी-जेवरात पार करने और गांवों से पशु चोरी करने वाली गैंग के दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी किया गया माल भी बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपी मानसिंह उर्फ नहने पुत्र हरबन्सी (भरतपुर) और भोजराज पुत्र विशम्बर (अलवर) शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिन्होंने मण्डावर सहित आसपास के कई गांवों में दहशत फैला रखी थी।

पुलिस के अनुसार, 23 दिसंबर 2025 को पाखर निवासी श्याम शर्मा और उदयसिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि अज्ञात बदमाशों ने उनके सूने मकान के ताले तोड़कर नकदी और जेवरात चोरी कर लिए हैं। इस पर एसपी सागर राणा और एएसपी हेमंत कलाल के निर्देशन में थानाधिकारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी अनुसंधान और मुखबिरों की सूचना पर कड़ी मशक्कत के बाद 16 जनवरी को दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उन्होंने गढ़ हिम्मतसिंह के एक स्कूल से इन्वर्टर की बैटरी चोरी करने, पाखर चौड़ाकी से पांच बकरियां और रसीदपुर क्षेत्र से भी पशु चोरी करने की वारदातें स्वीकार की हैं। इस पूरी कार्यवाही में कांस्टेबल गजेंद्र सिंह और पंकज कुमार की विशेष भूमिका रही। फिलहाल पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है, जिससे कई और बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी और मनरेगा को लेकर कांग्रेस का नगरफोर्ट में प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल

**दूनी/टोंक।** नगरफोर्ट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रमुख बिंदुः मतदाता सूची में धांधलीः कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जानबूझकर एक विशेष जाति के लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं। मनरेगा का संकटः ज्ञापन में कहा गया कि मनरेगा योजना का स्वरूप बदलने से ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिल रहा, जिससे पलायन बढ़ रहा है। आंदोलन की चेतावनीः कांग्रेस मंडल अध्यक्ष महादेव मीणा ने चेतावनी दी कि यदि ये गड़बड़ियां तुरंत नहीं रुकीं, तो उग्र जन-आंदोलन और धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# चीनी और कंबोडिया गैंग से मिलकर देते थे साइबर अपराधिक वारदात को अंजाम, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## सैकड़ो युवाओं को धकेला अपराध में

स्मार्ट हलचल




**कोटपूतली।** बहरोड में पुलिस में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर था कि वारदात पंजाबी देने वाले मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। एसपी देवेंद्र विश्नोई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया की हरसोरा, जिला खैरथल-तिजारा में मऊ, पीपली, मुंडावर, कोटकासिम आदि जगह दबिश देकर 41 संदिग्धों को डीटेन किया गया। जिनमें से 15 लोगों से पूछताछ एवं समझाईश की गयी तथा 25 लोगों को अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि इलाका थाना बानसूर, कोटकासिम, मुंडावर व अन्य क्षेत्रों के कई लोग कम्बोडिया में रहकर फ्रॉड कर रहे हैं। पुलिस ने मुख्य अभियुक्त सुरेश सेन पुत्र श्री रामदयाल सेन निवासी रामनगर थाना बानसूर जिला कोटपूतली बहरोड़ को विभिन्न आईटी एक्ट साइबर पुलिस थाना जिला कोटपूतली बहरोड़ में गिरफ्तार किया गया है।

### गैंग की कार्यप्रणाली -

सुरेश सेन चाईनीज व कम्बोडियन अपराधियों के साथ गठजोड़ कर कोटपूतली-बहरोड़ सहित आसपास के जिलों से अब तक सैकड़ों युवकों को विदेश भेज चुका है। युवकों को भारत से वियतनाम, थाईलैंड आदि देशों के रास्ते कम्बोडिया पहुंचाया जाता है। जहां उन्हें पहले 15 दिन तक साइबर फ्रॉड की स्क्रिप्ट पर प्रशिक्षण दिया जाता है और फिर चाइनीज लोगों द्वारा संचालित कॉल सेंटरों में तैनात कर दिया जाता है। इन कॉल सेंटर के पास भारत के अलग-अलग लोगों का डाटा होता है जो डाटा के अनुसार अलग-अलग लोगों को टारगेट करते हैं। इन कॉल सेंटरों से स्वयं को सीबीआई, पुलिस, ईडी, कस्टम अधिकारी आदि बताकर भारत में लोगों से डिजिटल अरेस्ट, शेयर मार्केट फ्रॉड, लिंक फ्रॉड व ओटीपी फ्रॉड जैसे गंभीर साइबर अपराधों को अंजाम देते हैं। पूछताछ में सामने आया है कि कम्बोडिया में संचालित इन फर्जी कॉल सेंटरों में भारत, पाकिस्तान, नेपाल व बांग्लादेश के लगभग 1000-1500 लोग कार्यरत हैं। इन्हें लगभग 1000 अमेरिकी डॉलर मासिक वेतन तथा बड़ी ठगी करने पर अतिरिक्त इंसेंटिव दिया जाता है। हिंदी भाषी राज्यों के साथ-साथ दक्षिण भारत से अंग्रेजी भाषी युवकों की भी बड़ी संख्या इसमें शामिल है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# निरीक्षक जीडी भंवर लाल छतीसगढ़ बटालियन 65 की दुर्घटना में मौत

स्मार्ट हलचल



**दूनी/टोंक।** 20/01/26 को दूनी तहसील के दौलतपुरा निवासी निरीक्षक जीडी भंवर लाल मीणा का छतीसगढ़ में ड्यूटी के दौरान गरियाबंद में सड़क दुर्घटना यूनिट 65 वाहिनी 65 के निरीक्षक जीडी भंवर लाल मीणा 20 /1/26 को सुबह लगभग 9:30 बजे फोर्स गरियाबंद से सी लेवल ओपीएस के दौरान अल्फा कंपनी और डेल्टा 65 कंपनी में ड्यूटी के दौरान बाइक फिसल जाने से रोड के किनारे खाई में जा गिरे जिससे उन्हें अंदरुनी गंभीर चोट आई जीडी को तुरंत कंपनी में मौजूद गाड़ी के द्वारा जिला अस्पताल गरियाबंद ले जाया गया जहां चिकित्सा अधिकारी द्वारा कार्मिक को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों गांव सहित घाड क्षेत्र में शोक लहर छा गई। जीडी भंवर लाल मीणा कुछ समय बाद ही फोर्स से रिटायर्ड होने वाले थे।

# हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित




स्मार्ट हलचल | पावटा

संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को हिन्द सम्मेलन समारोह आयोजन समिति की बैठक समिति अध्यक्ष डॉ जयराम यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 7 फरवरी 2026 शनिवार को कस्बा पावटा में विराट हिन्दू सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने हेतु विस्तार से विचार विमर्श करते हुए व्यवस्थाओं का बटवारा कर जिम्मेदारी सौपी गई। समिति अध्यक्ष डॉ जयराम यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन संत समागम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शोभायात्रा, बाईक रैली, सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे! जिसके लिए समिति के सदस्य गांव गांव जाकर क्षेत्र के सभी संत महात्माओं सहित हर सामाजिक संगठन व धार्मिक संगठनों सहित हर जाति बिरादरी के प्रमुखों से सम्पर्क कर फरवरी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मेलन में पहुँचने का आग्रह किया जायेगा। तथा पावटा मगर को भगवा झण्डी व लाईट डेकोरेशन से सजाया जायेगा। इस अवसर पर पुरुषोत्तम कृष्ण मिश्रा, अशोक पारीक, हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति खण्ड अध्यक्ष गोपाल मंगल, दीपक शर्मा, सुनील पंसारी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, मोहन लाल सैनी, रोहिताश्व गुप्ता, मनीष सैन, डॉ विवेक शर्मा सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# मेड़ता रोड में तेज़गति से चल रहा विद्युत लाइनों का कार्य

## उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं देने का विद्युत विभाग का प्रयास

स्मार्ट हलचल



**मेड़ता रोड।** क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व आधुनिक बनाने के उद्देश्य से विद्युत लाइनों का कार्य तेज़गति से जारी है। विद्युत विभाग द्वारा पुराने और जर्जर तारों को बदलने, नई लाइनें बिछाने तथा ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाने का काम किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति मिल सके।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह कार्य उपभोक्ताओं की बढ़ती बिजली मांग को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। नई विद्युत लाइनों के स्थापित होने से वोल्टेज की समस्या, बार-बार ट्रिपिंग और बिजली कटौती जैसी परेशानियों में काफी हद तक कमी आएगी। इसके साथ ही सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए खुले और झूलते तारों को भी व्यवस्थित किया जा रहा है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी।

कार्य के दौरान कुछ क्षेत्रों में अस्थायी रूप से बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है, लेकिन विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है। विभाग का कहना है कि यह असुविधा केवल अल्पकालिक है और कार्य पूर्ण होने के बाद उपभोक्ताओं को इसका दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।

स्थानीय नागरिकों ने भी विद्युत विभाग की इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से क्षेत्र में मजबूत विद्युत व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब तेज़गति से हो रहे इस कार्य से उम्मीद है कि आने वाले समय में मेड़ता रोड क्षेत्र में बिजली से जुड़ी समस्याएं काफी हद तक दूर होंगी।

विद्युत विभाग का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर, सुरक्षित और निरंतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराना है। इसी दिशा में यह कार्य एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे मेड़ता रोड क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी।

# चंगाई सभा में धर्म परिवर्तन के मामले में दो और आरोपी जेल भेजे गए

स्मार्ट हलचल | खखरेरू/ फतेहपुर

चंगाई सभा की आड़ में कथित धर्म परिवर्तन कराए जाने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

थाना खखरेरू क्षेत्र के जहांगीर नगर गहुरे मजरे लौहंगपुर गांव में 22 दिसंबर 2025 को चंगाई सभा का आयोजन किया गया था। इस दौरान धर्म परिवर्तन कराए जाने का आरोप सामने आया था। मामले को लेकर शिकायतकर्ता बिहारी लाल निवासी हरदासपुर गेरिया ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि चंगाई सभा की आड़ में लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है तथा हिंदू देवी-देवताओं के प्रति अभद्र टिप्पणियां की जा रही हैं।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस मामले में सुनील कुमार पासवान, संगीता पासवान, राम सिंह व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस इससे पूर्व अनिल कुमार पासवान एवं संगीता पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

इसी क्रम में फरार चल रहे आरोपी मानचंद्र उर्फ राम सिंह पुत्र बड़कू तथा सुनील कुमार पुत्र चंद्रभान, निवासी ग्राम लौहंगपुर को पुलिस ने दोपहर के समय पनिहा बाबा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# जालौर जिले के 2 प्रतिभाशाली कौशल्या चौधरी व प्रियांशु बिश्नोई ने अपनी प्रतिभा के दम पाई कामयाबी

स्मार्ट हलचल



**भीनमाल।** प्रियांशु बिश्नोई अंडर 14 राजस्थान टीम में चयन होने पर अब इंदौर के स्टेडियम से खेलेंगा वहीं कौशल्या चौधरी राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की सीनियर महिला टीम में जगह बनाने वाली गुजरात के बड़ौदा स्टेडियम से मैच खेलेगी।

राजस्थान के दोनों खिलाड़ी अलग अलग स्टेडियम के मैदान में दिखाएंगे अपना दम।

इस खबर के बाद जिले के खेल प्रेमियों और परिवार में खुशी की लहर है जालोर क्रिकेट संघ की कार्यकारिणी और जिले के सभी खिलाड़ियों ने दोनों चयनित खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी उपरोक्त जानकारी राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन जालौर के सतीश व्यास ने दी।

# आवासीय क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों पर सख्ती, आठ दुकानें सीज, कार्रवाई से मचा हड़कंप

## स्वास्थ्य व सिवरेज समस्याओं से थे लोग परेशान

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** ब्यावर शहर के आवासीय क्षेत्रों में नियमों को ताक पर रखकर संचालित की जा रही व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ नगर परिषद ने सख्त कार्रवाई करते हुए आठ दुकानों को सीज कर दिया। यह कार्रवाई लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद की गई, जिनमें आमजन द्वारा स्वास्थ्य, सिवरेज और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी गंभीर समस्याएं सामने रखी जा रही थीं। नगर परिषद आयुक्त श्रवण राम चौधरी ने बताया कि आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इन गतिविधियों के कारण क्षेत्रवासियों को गंदगी, सीवरेज जाम, दुर्गंध और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

आयुक्त चौधरी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि ब्यावर शहर के किसी भी आवासीय क्षेत्र में यदि भविष्य में अवैध रूप से व्यावसायिक गतिविधियां संचालित पाई गईं तो नगर परिषद द्वारा तत्काल और कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, वहीं नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे। नगर परिषद की इस कार्रवाई से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है।

# किशोरी को उठाया, रेप किया और भाग गये

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** यहां की लड़कियों पर दरिंदों का हमला लगातार जारी है। वे उन्हें सरेआम उठाते हैं। सामूहिक रूप से बलात्कार करते हैं और फिर भाग जाते हैं। ऐसी ही एक घटना बिल्हौर थाना क्षेत्र में हुई। यहां बीती रात करीब 10 बजे शौचालय गई 13 वर्षीय किशोरी को गांव के दो युवकों ने दबोच लिया। इसके बाद उसे पास के ही एक मकान में ले जा कर दुष्कर्म किया। आज मंगलवार भोर करीब तीन बजे किशोरी बदहवास रोती हुई घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों की तलाश कर रही है।

# उनियारा शहर के महावीर नगर में हिंदू सम्मेलन 5 फरवरी को



स्मार्ट हलचल | उनियारा

संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य मे पांच फरवरी को उनियारा शहर के महावीर नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। दिमांशु जांगिड बताया कि मंगलवार शाम सत्यनारायण जी के मंदिर मे हिन्दू सम्मेलन को लेकर सर्व समाज के लोगो की बैठक का आयोजन कर कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम मे बाबूलाल कासलीवाल ने अपने विचार रखते हुए कहा की सम्मेलन का उद्देश्य विखंडित हो रहे हिन्दू समाज को एक नयी दिशा दिखाने ओर नवयुवकों मे राष्ट्र प्रेम की भावना अंकुरित करना है। बैठक में विचार विमर्श के बाद आयोजन को लेकर आयोजन समिति के गठन का प्रस्ताव रखा गया। जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष रतनलाल सैनी रिटा. अध्यापक, मंत्री ओम प्रकाश सैनी एडवोकेट, कोषाध्यक्ष गिरिराज सोनी, सदस्य नरेंद्र सैनी, कमल सैनी, प्रकाश प्रजापत पार्षद, प्रहलाद सैनी, धनराज सैनी, भगवानदास पटवा, रमेश सैनी, मनोज शर्मा पार्षद, जगदीश साहू, अशोक सोगानी, मदन आकड़, महेश खंडेलवाल, आयुष जैन सहित अनेक सदस्यों को रखा गया। बैठक मे कार्यक्रम की जिम्मेदारीयों को बाटने का सुझाव दिया गया। बैठक में सर्व सहमति से निम्न प्रस्ताव लिए गए, जिनमें 5 फरवरी को भव्य कलश यात्रा निकली जाएगी। आयोजन में प्रतिभा सम्मान, वृद्ध जन सम्मान, पुजारी का सम्मान, साधु संतों के सानिध्य में किया जाएगा।

आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारी शुरू करने की बात कही गई साथ ही महावीर नगर के प्रत्येक घर में संपर्क कर सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

# महुवा में विधायक राजेंद्र मीणा ने बालिकाओं को निशुल्क बांटी साइकिले

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महुवा उपखंड मुख्यालय पर स्थित राजकीय टीकाराम पालीवाल विद्यालय महुवा में मंगलवार को विधायक राजेंद्र मीणा द्वारा महुवा विधानसभा क्षेत्र कीकक्षा 9 की 1500 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में छात्राओं को साइकिल वितरण की।

इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि महुवा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा चिकित्सा के क्षेत्र में चौमुखी विकास हो रहे हैं जिसके चलते क्षेत्र में रिक्त चल रहे प्रधानाचार्य व व्याख्याताओं के पद पर शिक्षा को ध्यान में रखते हुए स्थानांतरण से रिक्त पदों को भरा जा रहा है शिक्षा और चिकित्सा के साथ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए धन की किसी प्रकार से कमी नहीं आने दी जाएगी।

विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा किहमारे देश केमाननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में देश सहित प्रदेश में बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चल रही जनकल्याणकारी नीतियाँ आज जमीनी स्तर पर उतारकर सरकार सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक



विद्यालय महुवा की छात्राओं को वितरण करते हुए कहा कि साइकिल वितरण से हमारी बेटियों को विद्यालय में आने-जाने के साथ सुरक्षित व सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, जिससे वे अपने सपनों की ओर और अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकेंगी।

विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा किबेटियों का सशक्तिकरण ही विकसित राजस्थान और विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करता है।

इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य चंद्रकांत शर्मा सहित विद्यालय के स्टाफ द्वारा विधायक राजेंद्र मीणा सहित अतिथियो का माला दुपट्टा पहना कर स्वागत सत्कार किया गया।

इस अवसर पर मुख ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमलेश मीणा, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामफल मीणा, रामगोपाल मीणा, प्रधानाचार्य चंद्रकांत शर्मा, महुवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष गोपुत्र अवधेश अवस्थी, रिटायर्ड शिक्षा उपनिदेशक प्रेमवती शर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विमल जैन, भामाशाह विनीत बंसल, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बंसल, महेंद्र तेगरवाल, राम गोपाल शर्मा, रिटायर्ड पीटीआई राम भरोसी मीणा, जीपी शर्मा, रवि पटेल, प्रिंसिपल रामनिवास मीणा सैहदपुर, सहित अनेक गणमान्य नागरिक भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।



# खाने की आदत बदलें, वरना पछताएंगे

## जंक फूड की लत दे रही मोटापे और हार्मोनल असंतुलन को दावत

आज के समय में हमारी दिनचर्या में सुविधाजनक और स्वादिष्ट दिखने वाला जंक फूड तेजी से जगह बना चुका है। खासकर दिल्ली जैसे बड़े शहरों में जंक फूड की खपत काफी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में अब यह एक गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुकी है। नमकीन, नूडल्स, चिप्स, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक और ब्रेकफास्ट सीरियल जैसी पैकेट बंद चीजें न सिर्फ बच्चों बल्कि युवाओं की पहली पसंद बन गई है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनके पीछे छिपे खतरे बेहद गहरे होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको जंक फूड के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताने जा रहे हैं।

### कई गुना बढ़ी बिक्री

करीब पिछले 15 सालों में भारत में पैक्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स की बिक्री काफी ज्यादा बढ़ गई है। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक इस साल इन उत्पादों का मार्केट 50 बिलियन डॉलर के करीब पहुंच सकता है। यह तेज बढ़ोतरी एक्सपर्ट्स के लिए चिंता का विषय बन चुकी है। क्योंकि इसका सीधा संबंध बढ़ते मोटापे और उससे जुड़ी बीमारियों से है।

### मोटापा और हार्मोनल असंतुलन

वहीं जंक फूड में पोषण का संतुलन गायब होता है। जंक फूड में फाइबर, विटामिन या प्राकृतिक तत्वों की जगह नमक, चीनी, तेल और आर्टिफिशियल रंग होते हैं। यही कारण है कि इनको खाने के बाद पेट भर जाता है, लेकिन हमारे शरीर को जरूरी ऊर्जा नहीं मिल पाती है। वहीं हमें ऐसी चीजें बार-बार खाने की आदत डाल देती हैं। यह आदत धीरे-धीरे हार्मोनल असंतुलन, मोटापा और सेहत से जुड़ी अन्य समस्याओं को जन्म देती है।

### दोगुना बढ़ा मोटापा

बता दें कि देश में मोटापे की स्थिति चिंताजनक है। आंकड़ों के मुताबिक पुरुषों में मोटापे 12% से बढ़कर 23% तक पहुंच गया है। वहीं महिलाओं में यह 15% से बढ़कर 24% पहुंच चुका है। यानी की कुछ ही सालों में दोनों ही श्रेणियों में मोटापा करीब दोगुना बढ़ा है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह बढ़ोत्तरी उतनी ही खतरनाक है, जितना कि प्रदूषण से फेफड़ों पर पड़ने वाली मार खतरनाक है।

### अब नहीं संभले तो कब संभले

इन सभी बातों से साफ है कि जंक फूड का बढ़ता मार्केट सिर्फ स्वाद का मामला नहीं बल्कि एक व्यापक स्वास्थ्य चुनौती बन गया है। जरूर है कि लोग जागरुक हों, घर में स्वास्थ्यवर्धक ऑप्शन को प्राथमिकता दें और बच्चों में सही खानपान की आदतों को विकसित करना चाहिए। अगर अभी यह कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले सालों में मोटापा और इससे जुड़ी बीमारियां ज्यादा तेजी से बढ़ सकती हैं।



# सर्दियों में पाचन को मजबूत करता है गुड़




आजकल गैस बनना, खाना ठीक से न पचना, पेट भारी रहना या बार-बार अपच होना अब आम समस्या बन चुकी है। ऊपर से सर्दियों का मौसम आते ही ये दिक्कतें और बढ़ जाती हैं, क्योंकि इस समय पाचन तंत्र थोड़ा सुस्त हो जाता है। अगर हम कहें कि आपको पेट संबंधी दिक्कतों से बचने के लिए दवाओं से छुटकारा मिल सकता है तो? जी हां, अच्छी बात ये है कि आयुर्वेद में इसका बेहद आसान और देसी इलाज मौजूद है। हैल्थ एक्सपर्टस ने पेट से जुड़ी इन परेशानियों के लिए एक ऐसा घरेलू नुस्खा बताया है, जो खासतौर पर सर्दियों में बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसमें इस्तेमाल होने वाला गुड़ सर्दियों में आसानी से मिल जाता है और सेहत के लिए भी काफी लाभकारी होता है। गुड़ शरीर को गर्म रखता है, पाचन को मजबूत करता है और गैस-अपच जैसी समस्याओं में राहत देता है। अगर आप भी सर्दियों में पेट की दिक्कतों से परेशान रहते हैं, तो इस आसान देसी नुस्खे को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। बिना किसी साइड इफेक्ट के ये तरीका पेट को हल्का रखता है और अंदर से आराम पहुंचाने में मदद करता है।

हैल्थ एक्सपर्टस के अनुसार, गुड़ पेट के रोगों के लिए एक नेचुरल औषधि की तरह काम करता है। आयुर्वेद में गुड़ को पाचन के लिए बहुत फायदेमंद माना गया है। ये पेट में बनने वाली गैस को कम करता है और डाइजेशन प्रोसेस को मजबूत बनाता है। हैल्थ एक्सपर्टस बताते हैं कि गुड़ खाने से पेट की आग (डाइजेस्टिव फायर) तेज होती है, जिससे खाना जल्दी और अच्छे से पचता है। जिन लोगों को अक्सर गैस, पेट फूलना या अपच की शिकायत रहती है, उनके लिए गुड़ का सेवन काफी राहत दे सकता है। हैल्थ एक्सपर्टस के मुताबिक, रोजाना खाना खाने के बाद थोड़ा-सा गुड़ खाने से डाइजेशन बेहतर रहता है। इससे पेट साफ रहता है और गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियां दूर होती हैं। ये आदत डाइजेस्टिव सिस्टिम को एक्टिव रखने में मदद करती है।

गुड़ पूरी तरह से नेचुरल होता है और इसमें किसी तरह के केमिकल नहीं होते। यही वजह है कि इसे आयुर्वेद में सुरक्षित और असरदार माना गया है। सही मात्रा में गुड़ खाने से पेट ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर को फायदा मिल सकता है।यूं तो गुड़ फायदेमंद है, लेकिन इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। खासतौर पर डायबिटीज के मरीजों को गुड़ खाने से पहले डॉक्टर या आयुर्वेद एक्सपर्ट से सलाह जरूर लेनी चाहिए। बता दें कि आजकल की भागदौड़ भरी ज़िंदगी, बदलती लाइफस्टाइल और उल्टा-सीधा खान-पान पेट को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। गैस बनना, खाना ठीक से न पचना, पेट भारी रहना या बार-बार अपच होना अब आम समस्या बन चुकी है।

# विटामिन बी कॉम्प्लेक्स की कमी से होती है थकान




अगर आपको दिन भर थकान का अहसास होता रहता है तो इसे नजरअंदाज न करें। थकान के पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन बार-बार होने वाली थकान कमजोरी की निशानी है, जो पूरे शरीर को बेजान बना देती है। शरीर की कमजोरी विटामिन बी कॉम्प्लेक्स की कमी का संकेत देती है। विटामिन बी कॉम्प्लेक्स बाकी विटामिन की तरह ही हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है। विटामिन बी कॉम्प्लेक्स में एक नहीं, बल्कि आठ अलग-अलग तरह के विटामिन होते हैं, जिनमें विटामिन बी-1, बी-2, बी-3, बी-5, बी-6, बी-7, बी-9 और बी-12 होते हैं, जो पूरे शरीर का ऊर्जा हाउस है। हर विटामिन शरीर के अलग-अलग हिस्सों को ऊर्जा देने का काम करता है। अगर इसमें से किसी भी विटामिन की कमी शरीर में होती है, तो थकान, बाल झड़ना, चक्कर आना, मस्तिष्क की नसों का कमजोर होना, याददाश्त की समस्या, स्किन से जुड़ी परेशानी, हाथ-पैरों में झुनझुनी या सुन्नपन, एनीमिया, आंखों की रोशनी कमजोर होना, डिप्रेशन, रक्त वाहिकाओं में अत्याधिक जोर पड़ना और मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होते हैं। विटामिन बी कॉम्प्लेक्स हमारे भोजन को ऊर्जा में बदलने का काम करता है। ये पानी में घुलनशील विटामिन हैं, जो शरीर को तेजी से ऊर्जा देने का काम करते हैं। अगर भोजन ऊर्जा में नहीं बदल पाता तो शरीर में बाकी पोषक तत्वों की कमी होती है। ऐसे में मन और तन दोनों की थकान महसूस होती है। अब सवाल आता है कि विटामिन बी कॉम्प्लेक्स की कमी को कैसे पूरा किया जा सकता है। आहार में बहुत कम ही विटामिन बी कॉम्प्लेक्स पाया जाता है। शाकाहारी भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, दूध, दही और कुछ फलों में ही विटामिन बी कॉम्प्लेक्स पाया जाता है, जबकि मांसाहारी भोजन में मांस, मछली, चिकन और अंडे में पाया जाता है। शरीर में विटामिन बी कॉम्प्लेक्स का अवशोषण सही तरीके से हो सकता है। इसके लिए चाय और कॉफी का सेवन कम करें। डिब्बा बंद उत्पादों का सेवन भी करने से बचें और अगर फिर भी विटामिन की पूर्ति नहीं होती है तो डॉक्टर की सलाह के बाद सप्लीमेंट भी ले सकते हैं।





# बच्चों की टॉफी जिद का हेल्दी तोड़: घर पर बनाएं चुकंदर-आंवला कैंडी, सेहत संग स्वाद का संगम

अगर आपके बच्चे भी दिनभर चॉकलेट-टॉफी, कैंडी खाने की जिद करते हैं, चाहे कितना भी मना कर लें लेकिन फिर भी पैरेंट्स को देना ही पड़ता है। अब आप कैंडी का हेल्दी वर्जन घर में ही तैयार कर सकते हैं। इसका खट्टा-मीठा स्वाद सबको पसंद आएगा। बस एक बार घर पर ये आंवला और चुकंदर से बनी कैंडी बनाकर रख दें। बच्चे बार-बार मांगकर खाएंगे ये कैंडी। इससे ना केवल बच्चे मार्केट की अनहेल्दी शुगर वाली कैंडी खाने से बचेंगे बल्कि आंवला और चुकंदर के फायदे भी उन्हें मिल जाएंगे। आइए आपको बतातें इसे कैसे बनाएं।

आंवला-चुकंदर कैंडी बनाने की सामग्री

- आधा किलो आंवला
- एक से दो चुकंदर
- एक कप चीनी या मिश्री
- काला नमक
- सफेद मिर्च पाउडर
- नींबू का रस

आंवला-चुकंदर कैंडी बनाने की रेसिपी

- इसके लिए आंवले के पहले अच्छे से धो लें।
- चुकंदर को छीलकर धो लें और दो टुकड़ों में काट लें।
- अब स्टीमर में आंवला और चुकंदर को पकाएं।
- यदि आप स्टीमर ना हो तो चलनी पर चुकंदर और आंवला लें और भगोने में पानी भरकर उसी के ऊपर रखकर ढंक दें। धीरे-धीरे पानी गर्म होगा तो भाप से दोनों चीज पक जाएगी।
- आंवला और चुकंदर पककर नर्म हो जाए तो इसे भाप से हटा लें और थोड़ा ठंडा हो जाने दें।
- अब मिक्सी के जार में इनका पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रहे कि पेस्ट बनाने के लिए पानी का इस्तेमाल ना के बराबर करें।
- पैन में थोड़ा सा घी या तेल डालकर गर्म करें। बस इस इतना की बर्तन की तली चिकनी रहे और पेस्ट डालते ही जलने ना लगे।
- इस पेस्ट को धीमे फ्लेम पर भूनें। इसके साथ ही इसमें एक कप पिसी हुई मिश्री या चीनी डाल दें।
- अब इसके साथ ही नींबू का रस, कला नमक और सफेद मिर्च पाउडर भी डाल दें।
- सारी चीजों को तब तक भूनें जब तक कि ये सूखकर बिल्कुल इक्ट्ठा ना होने लगे।
- जब ये हाथ में लेने पर इक्ट्ठा गोल होने लगे तो गैस बंद कर दें और थोड़ा इसे ठंडा होने दें।
- इन सारे पेस्ट की छोटी-छोटी गोल या चौकोर शेप देकर कैंडी तैयार कर लें।
- किसी प्लेट में पिसी चीनी या मिश्री लें और उसमे इन सारी गोलियों को घुमा दें। जिससे ऊपर से लिपट जाएं और बस तैयार हैं मजेदार खट्टी-मिट्ठी बीटरुट कैंडी।
- बच्चों का मार्केट जैसा फील देने के लिए आप इन गोलियों को क्लिंज रैप वाली पॉलीथिन में रैंप कर सकते हैं और तैयार है मार्केट वाली टॉफी।

# किचन में मचा रखा है कॉकरोच ने आतंक तो इन घरेलू नुस्खों से पाएं राहत

किचन की साफ-सफाई यदि अच्छे से न की जाए तो कॉकरोच आने लगते हैं। यह किचन के कोनों में जाकर बैठ जाते हैं। कॉकरोच न सिर्फ किचन में गंदगी फैलाते हैं बल्कि अपने साथ कई तरह की बीमारियां और जर्म्स भी लेकर आते हैं। इस समस्या से राहत पाने के लिए महिलाएं कई तरह के कैमिकल प्रोडक्ट्स का भी इस्तेमाल करती हैं। लेकिन यह कैमिकल छोटे बच्चों और घर में रहने वाले पेट्स के लिए नुकसानदायक भी हो सकते हैं। आप किचन में से कॉकरोच भगाने के लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

### पिसी हुई कॉफी आएगी काम

आप पिसी हुई कॉफी की मदद से किचन में मौजूद कॉकरोचों से राहत पा सकते हैं। दरदरी पिसी हुई कॉफी में पाई जाने वाली कैफीन किचन कॉकरोच कम कर सकते हैं। कॉफी को पीस लें। पीसी हुई कॉफी आप छोटे-छोटे कपड़ों में लपेटकर पोटलियां बना लें। इन पोटलियों को किचन के कोनों में रख दें। इनसे भी किचन के कॉकरोच आसानी से भाग जाएंगे।

### नीम

किचन में मौजूद कॉकरोच से रहात पाने के लिए आप नीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। कॉटन का थोड़ा सा पीस लें। इसको नीम के तेल में भिगोएं। भिगोए हुए कॉटन को आप कॉकरोचेज वाली जगह पर रख दें। इसके अलावा आप नीम के पत्तों से एक स्प्र तैयार करके





स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com